संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

10 जून 2026, बुधवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 259

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

उज्ज्वला योजना में बदलाव अब मिलेंगे सिर्फ 4 सिलेंडर

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में वंचित परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की थी। शुरुआत में लाभार्थियों को सालाना 12 रियायती सिलेंडर दिए जाते थे, जिसे बाद में घटाकर 9 किया गया और अब इसे सिर्फ चार सिलेंडर सालाना करने का फैसला लिया गया है।

विकसित भारत जी राम जी योजना एक जुलाई से होगी लागू

केन्द्र ने राज्यों को 95,692 करोड़ रुपए का अंतरिम आवंटन किया जारी

एजेंसी

नई दिल्ली । विकसित भारत जी राम जी÷ एक जुलाई से देशभर में लागू कर दिया जाएगा। इसके लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मंगलवार को 95,692 करोड़ रु. का अंतरिम आवंटन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया। मनरेगा के तहत 30 हजार करोड़ रु. पहले ही आवंटित कर दिए गए हैं। इस प्रकार इस योजना की कुल राशि 1.25 लाख करोड़ रु. से अधिक हो जाएगी। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्रालय में केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासामी भी शामिल



हुए।

बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जी राम जी के लिए केन्द्र सरकार ने सवा लाख करोड़ रुपये की राशि का आवंटन किया है। यह राशि देश की लगभग 2.80 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगी, जिससे प्रत्येक पंचायत को लाखों रुपये का फंड उपलब्ध होगा। इस धनराशि का उपयोग अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार चिन्हित विकास कार्यों में किया जाएगा, जिससे रोजगार सृजन के साथ-साथ ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण भी सुनिश्चित होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार केवल धन उपलब्ध नहीं करा रही है, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि समय पर मजदूरी भुगतान हो, श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित रहें और विकास कार्यों में कोई व्यवधान न आए। उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे पर्याप्त मात्रा में कार्यों को पूर्व स्वीकृति दें ताकि एक जुलाई से ही काम तेजी से शुरू हो सके।

राज्यसभा चुनाव : भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार का नामांकन फिलहाल होल्ड पर

संवाददाता

रांची । झारखंड में राज्यसभा चुनाव के बीच एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र को निर्वाचन अधिकारियों ने फिलहाल होल्ड पर रख दिया है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार, परिमल नाथवानी के नामांकन को लेकर कुछ आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। नामांकन पत्र से जुड़े तीन बिंदुओं पर सवाल उठाए गए हैं, जिनकी जांच निर्वाचन अधिकारी कर रहे हैं। इन आपत्तियों पर अंतिम फैसला होने तक उनके नामांकन को लंबित रखा गया है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए हो



रहे चुनाव में मुकाबला पहले ही रोचक बना हुआ है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बैद्यनाथ राम को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने प्रणव झा को मैदान में उतारा है। दूसरी ओर, परिमल नाथवानी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें भारतीय जनता पार्टी का समर्थन प्राप्त है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नाथवानी की उम्मीदवारी ने चुनावी गणित को और दिलचस्प बना दिया है। राज्य की दो सीटों के लिए त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है और विभिन्न दलों के विधायकों के समर्थन को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं। गौरतलब है कि झारखंड की इन दो राज्यसभा सीटों पर चुनाव 18 जून को होना है। एक सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन के कारण रिक्त हुई थी, जबकि दूसरी सीट पर भारतीय जनता पार्टी के दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

संक्षिप्त खबरें

झारखंड में 13 से 15 जून के बीच दस्तक देगा मानसून

रांची । झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग ने राज्य में मानसून के 13 से 15 जून के बीच पहुंचने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और अनुकूल परिस्थितियां बनी रहीं तो अगले कुछ दिनों में झारखंड में इसकी एंट्री हो जाएगी।

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 15 को

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 15 जून को होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को दी।

जयपुर : विस्फोट में बच्चे सहित आठ की मौत

जयपुर । राजधानी जयपुर के खोह नागोरियान थाना क्षेत्र स्थित करीब नगर-बी में एक अवैध पटाखा फैक्टरी में मंगलवार को हुए भीषण विस्फोट और आगजनी की घटना में एक बच्चे सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार जारी है। घटना के बाद अवैध रूप से संचालित फैक्टरी और प्रशासनिक निगरानी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

10 जून से 15 अक्टूबर तक झारखंड में बालू उठाव पर रोक

रांची। एनजीटी के निर्देशानुसार झारखंड में नदियों से बालू का उठाव 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मॉनसून के दौरान जलीय जीवों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखते हुए यह रोक लगाई जाती है। इस अवधि में वैध चालान के माध्यम से भी बालू उठाव की अनुमति नहीं होगी। 16 अक्टूबर से 9 जून तक ही वैध बालू घाटों से बालू का उठाव किया जा सकेगा।

राज्यपाल आर सिरा़मंत्री दो़ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडाकिन चालादेया उईयाऱ आंजले



खोबोरिया

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आर सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ बालेमाहां हिलोक़ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडावाक़ गुरमाहां रे कोकरए रांची रे मेनाक़ उनीयाक़ तोपा जायगा रे बाहामाला आराव काते उनीकिन उईहा़र आंजले केदेया। ओना तायो़म राज्यपाल आर सिरा़मंत्री दो़ बिरसा चौकए रांची रे मेनाक़ उनीयाक़ गोड़होन मुठाऩ रे बाहामाला आराव आर जोहार काते भगवान बिरसा मुंडावाक़ कामीकोकिन दिसा़ रूवाड़ केदा। नोआ ओ़पसोऱ रे राज्यपाल दोय़ मेन केदा जे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडावाक़ तेंगेनए कुरूमुटूए आर दिसा़म लागित़ एनीयाक़ लागियापाड़ाव दो़ जोतो़ होड़ लागित़ उसकुरानाक़ गेया। उनी दो़ जनजातीय सोमाज रेयाक़ माऩए सोमाज जागवार आर दिसा़म दुलाड़ दो़ नावां डाहारे एम आकावादा। उनीयाक़ दिग़हुदिस दो़ दारायकान बिदा़लको डाहारे उदुक़ इदियाकोआ। नोआ ओ़पसोऱ रे सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दोय़ मेन केदा जे तेहेञ दो़ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडावाक़ गुरमाहां काना।

मोटामुटी सवा सौ साल होयेन रे हों पुराउ भारोत़ रे आदिवासी गातांक सांवते मिमित़ गातांक उनीको दिसा़ रूवाड़ेदे काना। आसो़कायते नोंकान उसकुरान होड़ मानो़त सालाक़ ते उईहा़र रूवाड़े दो़ आड़ी माराड़ काथा काना। सिरा़मंत्री दोय़ मेन केदा जे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडावाक़ कुरूमुटूए दिग़हुदिस आर उनी उदुक़ डाहार दो़ आबोको जावगेय उसकुर इदिबोना। ओका नागामे कुंदाउ आकादा ओना दो़ होड़ जायजुग लागित़को दिसायेया।

तेहेञ भगवान बिरसा मुंडावाक़ गुरमाहां कानाए जाव बो़छोऱ लेका गे नोआ बो़छोऱ हों आबो जोतो़ होड़ गे उईहा़र काते उनीयाक़ तोपा जायगा रे डो़बो़कआयबोन हेच़ एना आर हिजुक़ ते गेबोन ताहेंना। नोआ ओ़पसोऱ विधायक कल्पना सोरेनए मेयर रोशनी खलखोए डिप्टी मेयर नीरज कुमार सांवते आयमा होड़ भगवान बिरसा मुंडावाक़ मुठाऩ रे माला आराव कातेको उईहा़र आंजले केदेया। दुमका. 09ए फोटो. 00ए कैप्शन. राज्यपाल और मु यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि।

कतरास : अवैध खनन का विरोध करने वाले ग्रामीणों पर चली गोलियां, बम भी फोड़े गए

लाठी-डंडे भी चले, तीन को पुलिस ने लिया हिरासत में



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

कतरास। जोरिया में अवरोध खड़ा करने और कोयले काअवैध खनन के विरोध पर सोनारडीह ओपी के बहियार डीह में मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। गोलियां चली और बमों के धमाके हुए। लाठी डंडे व घुसे भी चले। दुपहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आई बरोरा थाना की वाहन पर भीड़ ने हमला कर दिया। जिससे शीशे टूट गए। पुलिस के साथ नोक झोंक हुई। स्थिति ऐसी उत्पन्न हुई कि सोनारडीह, कतरास, मधुबन, धर्मा बांध, बाघमारा सहित कई थाना की पुलिस मौके पर बुलानी पड़ी। वहां पर आक्रोशित लोगों ने दुकान में तोड़ फोड़ की। जांच के दौरान पुलिस ने मौके से दो खोखा व तीन मोटर साईकिल जप्त की। इस घटना में करीब आधा दर्जन लोगों को चोटआने की बात सामने आई है। पुलिसके सामने तीन जख्मी का नाम सामने आया है। घटना के बाद बहियारडीह के ग्रामीण महिलाएं, पुरुष जख्मियों के साथ सोनारडीह ओपी पहुंचे। दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और अवैध खनन रोकने की मांग करने की मांग की। रोड जाम की कोशिश हुई, लेकिन पुलिस ने विफल कर दिया। डीएसपी अजीत कुमार विमल ओपी पहुंचे। मुखिया गिरिजा कुमारी सहित अन्य लोगों से घटना की जान कारी लेने के बाद उन्हें विधि सम्मत कारवाई का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीण वापस लौटे। ग्रामीणों का आरोप था कि अवैध खनन कराने वालों ने जोरिया में अवरोध खड़ा कर पानी के प्रवाह को रोक दिया है। ताकि गांव के बगल खदान में उत्खनन जारी रहे।

हाईकोर्ट का टू-फिंगर टेस्ट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश

रेप पीड़िताओं के बच्चों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा-छात्रवृत्ति



संवाददाता

रांची । झारखंड उच्च न्यायालय ने यौन हिंसा और बलात्कार पीड़िताओं के अधिकारों की सुरक्षा, त्वरित न्याय, पुनर्वास और मुआवजा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार, पुलिस प्रशासन, न्यायपालिका और संबंधित विभागों के लिए 19 अहम दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह मामला यौन हिंसा पीड़िताओं की सुरक्षा, पुनर्वास और न्याय तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करने से संबंधित था। मामले में न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) के रूप में अधिवक्ता सुमित गाड़ेदिया ने अदालत को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिन्हें न्यायालय ने अने आदेश का हिस्सा बनाया। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में बलात्कार एवं यौन हिंसा पीड़िताओं के मेडिकल परीक्षण के दौरान किए जाने वाले 'टू फिंगर टेस्ट' पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि इस आदेश का उल्लंघन पेशेवर कदाचार माना जाएगा और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

खंडपीठ ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 173 के तहत राज्यभर में जीरो एफआईआर की व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इस व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यौन अपराधों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्देश दिया गया है।

अदालत ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को राज्य के सभी वन स्टॉप सेंटरों की कमियों को दूर करने तथा उनकी नियमित निगरानी के लिए महिलाओं की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा रांची स्थित नारी निकेतन (शक्ति सदन) को यौन हिंसा पीड़ित महिलाओं के लिए आश्रय गृह के रूप में उपयोग करने का आदेश दिया गया है।

दुमका में जमीन विवाद से भड़के ग्रामीणों ने सरकारी अधिकारी को घसीटा, कमिश्नर दफ्तर तक ले गए



ब्यूरो

दुमका । संताल परगना बंदोबस्त कार्यालय में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को एक अभूतपूर्व और बेहद तनावपूर्ण घटना देखने को मिली. गोड्डा जिले के तेतरिया गांव के ग्रामीणों का गुस्सा इस कदर फूटा कि उन्होंने सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार को उनके चैंबर से खींचकर बाहर निकाला और करीब 300 मीटर दूर प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय तक घसीटते हुए ले गए. ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी ने मोटी रकम या पक्षपात के चलते दूसरे पक्ष के समर्थन में फैसला सुनाया है.

इस पूरे आक्रोशित प्रदर्शन का नेतृत्व सुकरी देवी नाम की महिला कर रही थीं. वे अपने दर्जनों समर्थकों के साथ गोड्डा से दुमका पहुंची थीं. पीड़ित पक्ष का कहना है कि टाइटल सूट से जुड़े इस जमीन विवाद में उनके पास पुख्ता सबूत थे, इसके बावजूद अधिकारी मनोज कुमार ने विपक्षी उदय कृष्ण सिंह के पक्ष में एकतरफा फैसला दे दिया. इसी अनदेखी से नाराज भीड़ ने कानून अपने हाथ में ले लिया और अधिकारी को सीधे प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव के सामने ले जाकर खड़ा कर दिया.

घटना के वक्त प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में मौजूद नहीं थे, जिसके बाद उनके सचिव अमित कुमार ने मोर्चा संभाला. उन्होंने बेहद सूझबूझ से आक्रोशित लोगों को शांत कराया और तुरंत नगर थाना प्रभारी व एसडीपीओ को मौके पर तलब किया. सचिव ने एएसओ मनोज कुमार को निर्देश दिया है कि वे मामले से जुड़े सभी अभिलेख और फैसले की प्रति तुरंत उपलब्ध कराएं ताकि प्रमंडलीय आयुक्त के समक्ष इसकी न्यायसंगत समीक्षा की जा सके.

जमीन जीतने का सपना टूटा, कोर्ट पहुंचे पीड़ित ही शाम को सलाखों के पीछे पहुंचे

दुमका। सुबह अपनी जमीन का केस जीतने की उम्मीद और सपना लिए दुमका कोर्ट पहुंचे एक परिवार को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि उनकी रात जेल की सलाखों के पीछे कटेगी। दुमका के बंदोबस्त कार्यालय में हुए भारी हंगामे के मामले में दिनभर खुद को पीड़ित बताने वाला पक्ष शाम ढलते-ढलते खुद कानून की नजर में अभियुक्त बन गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रात नौ बजे ही इस परिवार के लोगों को दुमका सेंट्रल जेल भेज दिया। यह पूरी कार्रवाई सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (एएसओ) मनोज कुमार की लिखित शिकायत पर नगर थाना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस ने तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में 61 वर्षीय देवऋषि लायक, 35 वर्षीय रूपा देवी, 27 वर्षीय डोली कुमारी और 23 वर्षीय रोमी कुमारी शामिल हैं। मामले की शुरुआत एक बंदोबस्ती वाद के फैसले को लेकर हुई। मंगलवार को इस फैसले के विरोध में बड़ी संख्या में लोग बंदोबस्त कार्यालय पहुंचे थे।

खान सर की गिरफ्तारी पर रोक

रौशन आनंद की जमानत याचिका खारिज



एजेंसी

पटना । फायरिंग मामले में खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने खान सर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पुलिस से केस डायरी की भी मांग की है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि अगले आदेश या अगली सुनवाई तक संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कोई कठोर या दबावपूर्ण कार्रवाई न की जाए।

खान सर की तरफ से पेश हुए वकील अरविंद कुमार महुआर ने कोर्ट से कहा कि गोली आत्मरक्षा में चलाई गई। किसी तरह से भय फैलाना मकसद नहीं था। खान सर के वकील ने बताया कि खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर 20 जून को सुनवाई होगी। सोमवार को खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर खान सर की ओर से पटना के जिला एवं सत्र कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई।

खान सर पर हत्या की कोशिश और हथियारों के अवैध इस्तेमाल का मामला दर्ज है। इधर, खान सर की कोचिंग पर हमला मामले में जेल में बंद ज्ञान बिंदु कोचिंग के डायरेक्टर रौशन आनंद की जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है।

टीएमसी में बगावत तेज, ममता के सामने पार्टी बचाने की चुनौती

एजेंसी

नई दिल्ली/कोलकाता । पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा भूचाल आ गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर जारी बगावत अब संसद तक पहुंच गई है। पार्टी सांसद काकोली घोष दस्तिदार के नेतृत्व में बागी सांसदों के एक समूह ने दावा किया है कि करीब 20 टीएमसी सांसद भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का समर्थन करने के पक्ष में हैं।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर अलग बैठने की व्यवस्था और अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग की है। बागी खेमे का दावा है कि उनके पास आवश्यक संख्या बल मौजूद है, हालांकि टीएमसी नेतृत्व इस दावे पर सवाल उठा रहा



है। इस बीच टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने संकट से निपटने के लिए नई दिल्ली में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच विपक्षी दलों की रणनीति और टीएमसी में चल रहे घटनाक्रम पर चर्चा हुई।

रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में नक्सली राम मोहन को जमानत

संवाददाता

रांची । पूर्व मंत्री और तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में वर्ष 2016 से जेल में बंद नक्सली राम मोहन सिंह मुंडा उर्फ मोचू को झारखंड उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। मामले में सरकारी गवाह (एप्रूवर) बन चुके राम मोहन सिंह मुंडा को लगभग दस वर्ष बाद जमानत मिल गई है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने उसकी जमानत याचिका स्वीकार करते हुए रिहाई का आदेश दिया। मामले की सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास और अधिवक्ता सौरव कुमार ने पक्ष रखा। राम मोहन सिंह मुंडा पर नक्सली साजिश रचने और हत्या में शामिल होने का आरोप है। यह मामला बुंडू थाना कांड संख्या 65/2008 से संबंधित है। उल्लेखनीय है कि 9 जुलाई 2008 को तमाड़ के तत्कालीन विधायक और पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की नक्सलियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए बाद में मामले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी।

जांच के दौरान राम मोहन सिंह मुंडा को 8 जुलाई 2016 को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद से वह लगातार न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था। जांच एजेंसी ने 23 नवंबर 2017 को उसे एप्रूवर यानी सरकारी गवाह बना लिया था। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपित अब सरकारी गवाह बन चुका है और मामले में उसका बयान भी दर्ज हो चुका है। साथ ही मुकदमे की सुनवाई लंबे समय से चल रही है, जिसके कारण उसे अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखना उचित नहीं होगा। वहीं एनआईए की ओर से अदालत को बताया गया कि कानून के प्रावधानों के अनुसार किसी एप्रूवर को मुकदमे की सुनवाई पूरी होने तक हिरासत में रखा जाना आवश्यक माना जाता है। एजेंसी ने इस आधार पर जमानत का विरोध किया।

ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट का रेल मंत्री ने बताया रेलवे का रोडमैप

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय रेलवे में यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों के लिए सबसे बड़ी समस्या कन्फर्म टिकट की होती है। ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रेलवे इस समस्या को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहा है और आने वाले वर्षों में स्थिति में काफी सुधार देखने को मिलेगा।

एक विशेष साक्षात्कार में रेल मंत्री ने बताया कि वेटिंग लिस्ट की मुख्य वजह यात्रियों की भारी संख्या और उपलब्ध सीटों के बीच बड़ा अंतर है। उनके अनुसार, हर साल भारतीय रेलवे से करीब 750 करोड़ यात्री सफर करते हैं, जबकि सड़क परिवहन और हवाई यात्रा का आंकड़ा इससे काफी कम है। इसी कारण रेलवे पर अत्यधिक दबाव बना रहता है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस समस्या के समाधान के



लिए देश में दो से ढाई हजार नई ट्रेनें शुरू करने की आवश्यकता है। इसके लिए रेलवे लगातार नई पटरियां बिछा रहा है और मौजूदा नेटवर्क का विस्तार कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 36 हजार किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई जा चुकी हैं और लगभग 70 हजार किलोमीटर ट्रैक का उन्नयन किया गया है।

झारखंड विधान सभा परिसर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मना

संताल एक्सप्रेस

रांची । मंगलवार को झारखंड विधान सभा परिसर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 126वाँ शहादत दिवस पर उन्हें स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर झारखंड विधान सभा के माननीय अध्यक्ष,रबीन्द्रनाथ महतो ने भगवान बिरसा मुंडा की विधान सभा परिसर में स्थित आदम क़द प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । उन्होंने बताए कि भगवान बिरसा मुंडा शोषण के ख़िलाफ़ संघर्ष और स्वाभिमान के मार्ग पर चलने का आह्वान किया था । बहुत कम उम्र



में उनकी नेतृत्व क्षमता ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिला दी थी। आज के ही ऐतिहासिक दिन, भगवान बिरसा मुंडा रांची जेल में अंतिम साँस लिये थे। उनका व्यक्तित्व हर पीढ़ियों के लिए अन्याय के विरुद्ध लड़ने और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव एक मिसाल की तरह प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। भगवान बिरसा मुंडा न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि वे जल जंगल और जमीन ,अपनी संस्कृति और संस्कारों की रक्षा की चेतना को आम जन मानस में सजग रखने के लिए भी कठिन परिश्रम किए थे ।

कार्यक्रम में माननीय सचिव, झारखंड विधान सभा ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा विधान सभा के पदाधिकारियों एंव कर्मचारीगण भी उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

संताल एक्सप्रेस

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाओं और कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक घर तक पाइपलाइन और नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस लक्ष्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।



समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने पेयजल आपूर्ति योजनाओं के रख-रखाव और मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा से जुड़ी योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि संभावित पेयजल संकट वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी की जाए और जहां भी जलापूर्ति की समस्या सामने आए, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने राज्य की जल सहियाओं को समूहवार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्लंबर का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल सहियाओं को खराब चापाकलों की मरम्मत, सौर ऊर्जा आधारित जलापूर्ति योजनाओं की देखरेख तथा रख-रखाव की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहियाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सम्मान और पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

हेमन्त सोरेन ने विभाग की निर्माणाधीन बड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रमुख परियोजनाओं से जुड़े ठेकेदारों का व्हाट्सएप समूह बनाया जाए, जिसमें प्रतिदिन कार्य प्रगति की जानकारी साझा की जाए। इससे योजनाओं की निगरानी बेहतर तरीके से हो सकेगी और कार्यों में तेजी आएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की योजनाएं सीधे जनता के जीवन से जुड़ी हैं, इसलिए इन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से उतारने के लिए ठोस और परिणामोन्मुखी प्रयास किए जाएं।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मजबूत कार्य ढांचा तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय संतुलन बनाए रखने के लिए बैकअप प्लान विकसित किया जाए और योजनाओं के पूरा होने के बाद शीघ्र उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट) प्राप्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, दुमका
(समग्र शिक्षा अभियान)

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 06/civil/2026

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, दुमका
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं पता : दिनांक– 11.06.2026 से 18.06.2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से 05:00 बजे तक, पता–कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूटाबाँध, दुमका, 814101
3. निविदाप्राप्ति की तिथि एवं पता : दिनांक 19.06.2026 अपराह्न 02:00 बजेतक, पता–कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूटाबाँध, दुमका, 814101
4. निविदा खोलने की तिथि एवं पता : दिनांक 20.06.2026 अपराह्न 11:30 बजे, पता–कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खूटाबाँध, दुमका, 814101
5. योजना मद : DMFT
6. कार्य विवरणी :

क्र0 सं0	योजना का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु0 में)	अग्रधन की राशि (रु0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Girls Toilet in 23 School At Dumka District	**Group(A) Block- Dumka**1.DPEP NPS Roharapara,2.UPG P.S Sijwa Dum- Bara Murlidum, 3.Gvt. UPG M.S Dhanbari 4.U.M.S Baskanali. 5.UPG P.S Latartola Golpur 6. Gvt. M.S Kumrabad. 7.UPG.Gvt.M.SChorkata**Block- Shikaripara -** 1. UPG.M.S Makarapahari	8x299900.00 = 2399200.00	48000.00	1500.00	4Month
2		**Group(B) Block-Saraiyahat** 1.Gvt.Urdu P.S.Saraiyahat Basti, 2. UPG. P.S Uparchakewa **Block-Jarmundi** 1. UPG P.S Sarkanda , 2. UPG P.S Ratanpur, 3.UPG P.SPatajam(Chandna) , 4. UPG P.S Genuadih, **Block- Jama-** 1.UPG.P.S Amjhar	7x299900.00 = 2099300.00	42000.00	1500.00	4Month
3		**Group(C) Block-Masaliya**1.UPG.P.S Amari, 2. P.S Bhorabali, 3. Gvt.UPG M.S Chandna, 4. UPG P.S Navjora 5. Gvt.UPG M.S Sonuadih, 6. Gvt.P.S Pochapani **Block- Jama** 1.Gvt. P.S Gaybathan, 2. UPG P.S Chiharbani,	8x299900.00 = 2399200.00	48000.00	1500.00	4Month

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी https://dumka.nic.in पर अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, दुमका

PR 381950 Human Resource Developement (26-27)_D

गोड्डा में वज्रपात से दो की मौतः पांच लोग घायल



गोड्डा । जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र स्थित बरमसिया हाट में मंगलवार को वज्रपात हुआ। इस घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से सभी घायलों को तत्काल पथरगामा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

राजनीतिक दल सभी बूथों पर बीएलए-2 नियुक्त करें : के.रवि

रांची। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पत्र भेजकर विधानसभावार प्राप्त बीएलए-2 की संख्या से अवगत कराया है। राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त बीएलए-2 की विवरणी संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई गई है।जारी सूची के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी ने सर्वाधिक 21,645 बीएलए-2 नियुक्त किए हैं। इसके बाद कांग्रेस द्वारा 17,479,झामुमो द्वारा 14,482, आजसू पार्टी द्वारा 2,967,राजद द्वारा 2,765 तथा बसपा द्वारा दो बीएलए-2 नियुक्त किए गए हैं। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपेक्षा की ।

साधु के वेष में ठगी करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

हजारीबाग। जिले के बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के हुरहुरू में एक महिला से साधु के वेष में सोने के जेवर ठगकर फरार हुए तीन शातिर अपराधियों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

तीन करोड़ में झारखंड आंदोलन को खरीदने वाले भाजपा को न पढ़ाएं नैतिकता का पाठ : आदित्य साहू

संताल एक्सप्रेस

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कांग्रेस द्वारा भाजपा पर राज्यसभा चुनाव के दौरान हॉर्स ट्रेडिंग करने के आरोप पर करारा प्रहार किया है। साहू ने प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को कहा कि लोकतंत्र, लोकलाज से चलता है लेकिन कांग्रेस ने लोकलाज की सारी मर्यादाओं को लांघने का काम किया है। साहू ने कांग्रेस से पूछा है कि उनकी पार्टी के और बीजेपी के कितने सदस्य झारखंड विधानसभा में हैं। झारखंड में कांग्रेस से कहीं अधिक सदस्य भारतीय जनता पार्टी के हैं। 16 विधायक रखकर कांग्रेस खुद हॉर्स ट्रेडिंग करने का काम कर दूसरे को उपदेश देने का काम कर रही है। कांग्रेस बतलाये कि वह 28 सदस्य कैसे पूरा करेगी? यह लोग खरीद फरोख्त करने का काम कर रहे हैं और उल्टा भाजपा को आंख दिखाने का काम कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी पैसे की राजनीति नहीं करती है, खरीद फरोख्त पर हमारी पार्टी विश्वास नहीं करती है। इसलिए कांग्रेस को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, तब कोई बात करनी चाहिए।आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस के चाल, चरित्र और चेहरा को झारखंड एवं देश की जनता ने बार-बार देखा है। कांग्रेस ने देश को बर्बाद करने का काम किया है। यह वही कांग्रेस है जिन्होंने झारखंड के आंदोलन को तीन करोड़ रुपये में खरीदने का काम किया है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड को जोड़-तोड़ एवं खरीद फरोख्त की राजनीति, भ्रष्टाचार से उबारने का काम किया है।इस दौरान प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेन्द्र प्रताप सिंह एवं अशोक बड़ाइक भी मौजूद रहे।



जिला परिवहन कार्यालय, गोड्डा

पत्रांक 322/जि0परि0, दिनांक–08.06.2026

कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों को अद्यतन कर भुगतान हेतु आवश्यक सूचना

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य मुख्यालय से प्राप्त निम्नांकित वाहनों का पथकर (Road Tax) की राशि वाहन संख्या के सामने अंकित तिथि से बकाया है। वाहनों का पथकर की राशि के भुगतान के बिना वाहनों का परिचालन दण्डनीय है।

District Transport Officer, Godda

Non-levy of tax from Jeep_taxi and Car_taxi Passenger transport vehicles

S No	REG NO	CLASS	SC	DOR	TAX PAID UPTO	Tax due from	Tax due upto	Qtrs	qtrly RT	Qtrly ART	RT	ART	Penalty	Total
150	JH17E 2363	JEEPTX-PS	8	24-09-2012	23-12-2012	24.12.12	23.09.16	15	207	420	3105	6300	18810	28215
151	JH17E 2984	JEEPTX-PS	11	15-04-2009	02-07-2013	03.07.13	02.10.16	13	286	600	3718	7800	23036	34554
152	JH17E 3225	JEEPTX-PS	7	20-10-2012	19-04-2013	20.04.13	19.10.16	14	180	401	2520	5614	16268	24402
153	JH17E 3281	JEEPTX-PS	7	07-11-2012	06-11-2013	07.11.13	06.08.16	11	180	401	1980	4411	12782	19173
154	JH17E 4266	JEEPTX-PS	5	04-12-2012	03-03-2014	04.03.14	03.09.16	10	128	267	1280	2670	7900	11850
155	JH17E 4644	JEEPTX-PS	7	11-12-2012	10-09-2013	11.09.13	10.09.16	12	180	401	2160	4812	13944	20916
156	JH17E 4706	JEEPTX-PS	5	17-12-2012	16-09-2013	17.09.13	16.09.16	12	128	267	1536	3204	9480	14220
157	JH17E 4714	JEEPTX-PS	10	28-12-2004	27-08-2014	28.08.14	27.08.16	8	260	486	2080	3888	11936	17904
158	JH17E 4808	JEEPTX-PS	8	26-12-2012	25-03-2014	26.03.14	25.09.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
159	JH17E 4809	JEEPTX-PS	5	26-12-2012	25-06-2013	26.06.13	25.09.16	13	128	267	1664	3471	10270	15405
160	JH17E 5190	JEEPTX-PS	8	08-01-2013	07-04-2014	08.04.14	07.10.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
161	JH17E 5456	JEEPTX-PS	8	16-01-2013	15-10-2013	16.10.13	15.10.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
162	JH17E 5686	JEEPTX-PS	8	31-01-2013	29-10-2013	30.10.13	29.10.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
163	JH17E 5755	JEEPTX-PS	7	01-02-2013	31-10-2013	01.11.13	31.07.16	11	180	401	1980	4411	12782	19173
164	JH17E 5766	JEEPTX-PS	8	01-02-2013	31-07-2013	01.08.13	31.10.16	13	207	420	2691	5460	16302	24453
165	JH17E 5869	JEEPTX-PS	8	08-02-2013	07-08-2013	08.08.13	07.08.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
166	JH17E 5911	JEEPTX-PS	8	09-02-2013	08-05-2013	09.05.13	08.08.16	13	207	420	2691	5460	16302	24453
167	JH17E 6096	JEEPTX-PS	8	13-02-2013	12-11-2013	13.11.13	12.08.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
168	JH17E 6114	JEEPTX-PS	7	18-02-2013	17-02-2014	18.02.14	17.08.16	10	180	401	1800	4010	11620	17430
169	JH17E 6182	JEEPTX-PS	8	21-02-2013	20-11-2013	21.11.13	20.08.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
170	JH17E 6499	CARTXI-PS	6	15-03-2010	13-05-2014	14.05.14	13.08.16	9	154	334	1386	3006	8784	13176
171	JH17E 6505	CARTXI-PS	6	15-03-2010	13-08-2013	14.08.13	13.08.16	12	154	334	1848	4008	11712	17568
172	JH17E 6508	CARTXI-PS	5	15-07-2010	13-08-2013	14.08.13	13.08.16	12	128	267	1536	3204	9480	14220
173	JH17E 6511	CARTXI-PS	6	12-03-2010	13-08-2013	14.08.13	13.08.16	12	154	334	1848	4008	11712	17568
174	JH17E 6532	JEEPTX-PS	6	29-09-2008	05-11-2013	06.11.13	05.08.16	11	154	334	1694	3674	10736	16104
175	JH17E 6541	JEEPTX-PS	8	28-02-2013	27-08-2014	28.08.14	27.08.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
176	JH17E 6548	JEEPTX-PS	8	01-03-2013	31-05-2013	01.06.13	31.08.16	13	207	420	2691	5460	16302	24453
177	JH17E 6549	JEEPTX-PS	8	01-03-2013	31-08-2013	01.09.13	31.08.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
178	JH17E 6551	JEEPTX-PS	8	01-03-2013	31-08-2013	01.09.13	31.08.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
179	JH17E 6552	JEEPTX-PS	8	01-03-2013	30-11-2013	01.12.13	30.08.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
180	JH17E 6624	JEEPTX-PS	5	05-03-2013	04-09-2014	05.09.14	04.09.16	8	128	267	1024	2136	6320	9480
181	JH17E 6745	JEEPTX-PS	8	09-03-2013	08-09-2013	09.09.13	08.09.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
182	JH17E 6778	CARTXI-PS	6	05-07-2006	11-02-2014	12.02.14	11.08.16	10	154	300	1540	3000	9080	13620
183	JH17E 7157	CARTXI-PS	6	01-04-2010	13-08-2013	14.08.13	13.08.16	12	154	334	1848	4008	11712	17568
184	JH17E 7284	CARTXI-PS	6	13-07-2009	06-03-2014	07.03.14	06.09.16	10	154	334	1540	3340	9760	14640
185	JH17E 7355	JEEPTX-PS	5	09-04-2013	08-10-2014	09.10.14	08.10.16	8	128	267	1024	2136	6320	9480
186	JH17E 7606	JEEPTX-PS	7	16-04-2013	15-10-2014	16.10.14	15.10.16	8	180	401	1440	3208	9296	13944
187	JH17E 7824	JEEPTX-PS	8	22-04-2013	21-07-2013	22.07.13	21.10.16	13	207	420	2691	5460	16302	24453
188	JH17E 8184	JEEPTX-PS	8	27-04-2013	26-04-2014	27.04.14	26.10.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
189	JH17E 8209	JEEPTX-PS	5	04-05-2013	03-05-2014	04.05.14	03.08.16	9	128	267	1152	2403	7110	10665
190	JH17E 8630	CARTXI-PS	6	18-09-2008	21-04-2014	22.04.14	21.10.16	10	154	300	1540	3000	9080	13620
191	JH17E 8631	JEEPTX-PS	8	16-01-2012	21-07-2013	22.07.13	21.10.16	13	207	420	2691	5460	16302	24453
192	JH17E 8660	JEEPTX-PS	11	07-12-2007	20-11-2013	21.11.13	20.08.16	11	286	540	3146	5940	18172	27258
193	JH17E 8736	CARTXI-PS	6	03-02-2010	17-06-2014	18.06.14	17.09.16	9	154	334	1386	3006	8784	13176
194	JH17E 9048	JEEPTX-PS	7	18-05-2013	17-08-2013	18.08.13	17.08.16	12	180	401	2160	4812	13944	20916
195	JH17E 9123	JEEPTX-PS	8	29-05-2013	28-11-2013	29.11.13	28.08.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
196	JH17E 9124	JEEPTX-PS	5	29-05-2013	28-08-2013	29.08.13	28.08.16	12	128	267	1536	3204	9480	14220
197	JH17E 9219	CARTXI-PS	6	25-10-2010	09-08-2014	10.08.14	09.08.16	8	154	334	1232	2672	7808	11712
198	JH17F 0429	JEEPTX-PS	8	25-06-2013	24-09-2013	25.09.13	24.09.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
199	JH17F 0664	JEEPTX-PS	5	04-07-2013	03-10-2013	04.10.13	03.10.16	12	128	267	1536	3204	9480	14220
200	JH17F 0685	JEEPTX-PS	8	05-07-2013	04-07-2014	05.07.14	04.10.16	9	207	420	1863	3780	11286	16929
201	JH17F 0696	JEEPTX-PS	8	05-07-2013	04-07-2014	05.07.14	04.10.16	9	207	420	1863	3780	11286	16929
202	JH17F 1135	JEEPTX-PS	8	16-07-2013	15-10-2013	16.10.13	15.10.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
203	JH17F 1588	JEEPTX-PS	8	31-08-2013	29-05-2014	30.05.14	29.08.16	9	207	420	1863	3780	11286	16929
204	JH17F 2562	JEEPTX-PS	8	18-09-2013	17-12-2013	18.12.13	17.09.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
205	JH17F 3139	JEEPTX-PS	8	18-01-2008	28-11-2013	29.11.13	28.08.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
206	JH17F 3158	JEEPTX-PS	7	25-08-2009	31-10-2013	01.11.13	31.07.16	11	180	401	1980	4411	12782	19173
207	JH17F 3174	JEEPTX-PS	6	22-02-2010	29-03-2014	30.03.14	29.09.16	10	154	334	1540	3340	9760	14640
208	JH17F 3375	JEEPTX-PS	7	23-11-2013	22-02-2014	23.02.14	22.08.16	10	180	401	1800	4010	11620	17430
209	JH17F 4194	JEEPTX-PS	8	01-11-2013	31-07-2014	01.08.14	31.07.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
210	JH17F 4215	JEEPTX-PS	8	29-10-2013	28-04-2014	29.04.14	28.10.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
211	JH17F 4232	JEEPTX-PS	8	25-10-2013	24-01-2014	25.01.14	24.10.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
212	JH17F 4290	JEEPTX-PS	8	18-09-2013	17-12-2013	18.12.13	17.09.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
213	JH17F 4337	JEEPTX-PS	8	28-08-2009	30-04-2014	01.05.14	30.07.16	9	207	420	1863	3780	11286	16929
214	JH17F 4365	JEEPTX-PS	8	06-08-2013	05-05-2014	06.05.14	05.08.16	9	207	420	1863	3780	11286	16929
215	JH17F 4591	JEEPTX-PS	8	10-12-2013	09-09-2014	10.09.14	09.09.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
216	JH17F 4912	JEEPTX-PS	8	07-11-2013	06-02-2014	07.02.14	06.08.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
217	JH17F 5660	JEEPTX-PS	8	10-12-2013	09-09-2014	10.09.14	09.09.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
218	JH17F 5795	JEEPTX-PS	7	20-11-2013	19-02-2014	20.02.14	19.08.16	10	180	401	1800	4010	11620	17430
219	JH17F 6677	JEEPTX-PS	8	13-12-2013	12-03-2014	13.03.14	12.09.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
220	JH17F 6794	JEEPTX-PS	8	11-06-2006	28-03-2014	29.03.14	28.09.16	10	207	378	2070	3780	11700	17550
221	JH17F 6831	JEEPTX-PS	8	19-08-2009	31-07-2014	01.08.14	31.07.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
222	JH17F 6918	JEEPTX-PS	8	29-10-2013	28-01-2014	29.01.14	28.10.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
223	JH17F 6922	JEEPTX-PS	8	29-10-2013	28-07-2014	29.07.14	28.07.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
224	JH17F 7276	JEEPTX-PS	8	21-11-2009	27-08-2014	28.08.14	27.08.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
225	JH17F 7589	JEEPTX-PS	8	10-12-2013	09-03-2014	10.03.14	09.09.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810

अतः निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथ से दो दिनों के भीतर बकाया पथकर की राशि का भुगतान सुनिश्चित करें।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
गोड्डा

PR 381904 Transport(26-27)#D

राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में महिमा कुमारी ने जीता सिल्वर मेडल



महुदा। बोकारो सेक्टर-2ए सरस्वती विद्या मंदिर में 7 एवं 8 जून को आयोजित अंडर-23 सीनियर झारखंड राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में कांड्रा पंचायत की महिमा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच महिमा कुमारी ने शानदार खेल का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। महिमा कुमारी की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर कांड्रा पंचायत की मुखिया रिंकू देवी सहित परिजनों, खेल प्रेमियों एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। लोगों ने उम्मीद जताई कि महिमा भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करेंगी। महिमा की इस उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया जा रहा है।

न्यूनतम दर पर मिलेगी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएंः डीसी



धनबाद। सदर अस्पताल में मंगलवार को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, डेंटल एक्स-रे व आधुनिक लॉन्ड्री मशीन का उद्घाटन किया गया। डीसी आदित्य रंजन ने उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का सपना है कि राज्य के हर व्यक्ति को निःशुल्क या न्यूनतम दर पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा मिले। इस कड़ी में बंधन बैंक ने सीएसआर से सदर अस्पताल को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, डेंटल एक्स-रे व आधुनिक लॉन्ड्री मशीन दी हैं। यहां आने वाले आमजन को न्यूनतम दर पर उत्कृष्ट सेवा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में हर व्यवस्था सुदृढ़ हो जाने से एक ही छत के नीचे 24×7 लोगों का इलाज संभव हो सकेगा। डीसी ने कहा कि सदर अस्पताल ने एक वर्ष में अप्रत्याशित उपलब्धि हासिल की है। प्रतिदिन 600 से 700 लोग ओपीडी में आते हैं। अस्पताल में आधुनिक उपकरणों एवं चिकित्सकों की बेहतरीन टीम के कारण जटिल से जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। इस अस्पताल में गरीब लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ भी मिलता है। इसके कारण धनबाद जिले के अलावा पड़ोसी जिले से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं।इस मौके पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, बंधन बैंक के सहायक उपाध्यक्ष श्री अनिमेष मिश्रा, डॉ मिहिर झा के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में एक बिरहोर की मौत, विरोध में 20 घंटे सड़क जाम

लातेहार। जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बिरहोर टोला के समीप सोमवार की रात तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक आदिम जनजाति इंद्रदेव बिरहोर (70) की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लगभग 20 घंटे तक सड़क जाम रखा।मंगलवार की शाम को जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की पहल पर प्रशासन, ग्रामीणों और कंपनी प्रबंधन के बीच हुई वार्ता के बाद जाम समाप्त कर दिया गया।स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात इंद्रदेव बिरहोर घर से बाहर पानी लेने निकले थे। इसी दौरान हाइवा की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद नाराज लोगों ने देर रात से ही सड़क जाम कर दिया था। मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीण मुआवजा और सड़क पर कोयला परिवहन में लगे गा

खो-खो में जामताड़ा की बेटियों का जलवा



जामताड़ा। 20वीं राज्य स्तरीय जूनियर बालिका खो-खो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जामताड़ा की बालिका टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।उपायुक्त ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।गौरतलब है कि झारखंड राज्य खो-खो संघ के तत्वावधान में 29 से 31 मई 2026 तक गांधी मैदान, जामताड़ा में आयोजित 20वीं जूनियर राज्य स्तरीय बालिका खो-खो चैंपियनशिप में जामताड़ा टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था। इस अवसर पर जिला खो-खो संघ के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं अन्य खेल प्रेमी भी उपस्थित रहे।

आरटीआई ने राज्यपाल से लगाई न्याय की गुहार

साहिबगंज।सामाजिक कार्यकर्ता एवं आप पार्टी के जिला संयोजक रणधीर प्रसाद ने झारखंड के राज्यपाल को आवेदन देकर पूर्व रेलवे साहिबगंज के सहायक अभियंता पर गंभीर आरोप लगाए हैं.उन्होंने कहा है कि रेलवे में कथित घटिया निर्माण कार्य की शिकायत करने के बाद उनके खिलाफ प्रतिशोध स्वरूप झूठा रंगदारी का मामला दर्ज कराया गया.आवेदन में रणधीर प्रसाद ने बताया कि उन्होंने 29 जून 2025 और 29 अक्टूबर 2025 को पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों को निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायत भेजी थी.उनका दावा है कि शिकायत की जांच के बाद संबंधित कार्य में 9.72 लाख रुपये की राशि दंडस्वरूप काटी गई.जिसकी जानकारी उन्हें आरटीआई के माध्यम से प्राप्त हुई.उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद 5 फरवरी 2026 को सहायक अभियंता ने उन्हें रेलवे मैदान में बुलाकर शिकायत वापस लेने तथा अन्यथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी.इसके बाद 16 मार्च 2026 को उन्होंने पुनः महाप्रबंधक को पत्र लिखकर संबंधित अधिकारी को बर्खास्त करने और निष्पक्ष जांच की मांग की.रणधीर प्रसाद के अनुसार इसके बाद उनके खिलाफ रंगदारी मांगने का झूठा आरोप लगाया गया.उन्होंने दावा किया कि दर्ज प्राथमिकी में घटना की तिथि और समय का स्पष्ट उल्लेख नहीं है तथा गवाहों के बयान और प्राथमिकी में कई विरोधाभास हैं.

पतना में मजदूर संघ की प्रखंड कमिटी गठित

साहिबगंज। पतना प्रखंड के मोदी कोला मे झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक में प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया.यह चयन प्रदेश महामंत्री राजकुमार यादव की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ.बैठक में संगठन विस्तार,सदस्यता अभियान व मजदूर हितों पर विस्तृत चर्चा की गई.बैठक मे प्रखंड अध्यक्ष सुभाष टुडू,उपाध्यक्ष अशोक कुमार पंडित,सोना सोनी,संगठन मंत्री सुनील मालतो को बनाया गया.इस अवसर पर फूल कुमारी देवी,मिथुन यादव,अंसार खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मजदूर प्रतिनिधि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुभाष टुडू को माला पहनाकर सम्मानित किया गया.मौके पर केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा संगठन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों,किसानों व शोषित वर्ग को उनके हक-अधिकार दिलाना है.

महागामा में खुलेगा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

संताल एक्सप्रेस



गोड्डा । महागामा प्रखंड में प्रस्तावित नवीन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की स्थापना एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रतिबद्धताओं की पूर्ति को लेकर मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय स्थापना से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी एवं आधारभूत संरचनात्मक पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने विद्यालय के लिए भूमि उपलब्धता, आवश्यक संसाधनों, लंबित प्रक्रियाओं तथा वर्तमान प्रगति की जानकारी उपायुक्त को दी।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय के लिए चिन्हित भूमि की स्थिति का जायजा लेते हुए भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया में तेजी लाने और सभी आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालय परिसर तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संपर्क पथ, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की गई।उपायुक्त ने कहा कि जिले में पीएम केंद्रीय विद्यालय की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को केंद्र सरकार एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा निर्धारित सभी शर्तों और प्रतिबद्धताओं का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि हस्तांतरण, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी), अस्थायी भवन की उपलब्धता, स्थायी भवन निर्माण की संभावनाएं, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पीएम केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग और संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में अपर समाहर्ता इंदर कुमार, महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी, अंचल अधिकारी खगेन महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कमल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

महागामा में डायल 112, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक



महागामा। प्रखंड थाना क्षेत्र के नया नगर गांव में मंगलवार को पुलिस प्रशासन द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) वरुण रजक, पुलिस निरीक्षक उपेंद्र महतो तथा थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। इस अवसर पर एसडीपीओ वरुण रजक ने ग्रामीणों को आपातकालीन सेवा डायल-112 की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अपराध, दुर्घटना, छेड़खानी, मारपीट अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल-112 पर दी जा सकती है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।कार्यक्रम में साइबर अपराध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, नशाखोरी, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

पुलिस-व्यापारी की अहम बैठक आयोजित



महागामा । अनुमंडल पुलिस कार्यालय महागामा में मंगलवार को पुलिस प्रशासन एवं चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, व्यापारियों की समस्याएं, अपराध नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) वरुण रजक ने की। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक उपेंद्र महतो एवं थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल भी उपस्थित थे। वहीं बैठक में व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, रात्रि गश्ती बढ़ाने, साइबर ठगी पर अंकुश लगाने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने की मांग उठाई। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।एसडीपीओ वरुण रजक ने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा आपात स्थिति में डायल-112 का उपयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, नकली नोटों के प्रचलन, चोरी एवं लूट जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

डीसी ने सुनीं 50 से अधिक फरियादें कई मामलों का मौके पर समाधान



जामताड़ा। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन को जनता के और करीब लाने के उद्देश्य से मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और सुदूरवर्ती गांवों से पहुंचे 50 से अधिक लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं।जनता दरबार में भूमि विवाद, सीमांकन, बिजली बिल, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मुआवजा, सड़क निर्माण, नल-जल योजना, जन्म प्रमाण पत्र, चौकीदार नियुक्ति और अन्य जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।कार्यक्रम के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति की आधार कार्ड संबंधी समस्या पर उपायुक्त ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया तथा उसे व्हीलचेयर उपलब्ध कराने को कहा। वहीं आवास और पेंशन की मांग लेकर पहुंची विधवा महिला को भी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया।कुंडहित से आए एक बीमार बच्चे के परिजन की गुहार पर उपायुक्त स्वयं बच्चे के पास पहुंचे और इलाज में सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि आम लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और सभी पात्र लाभुकों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

तेतुलबंधा में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस



जामताड़ा। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जामताड़ा पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर साइबर अपराध थाना की टीम ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के तेतुलबंधा गांव के समीप सुनसान इलाके में छापेमारी कर आरोपियों को धर दबोचा।साइबर थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में धरूवाडीह गांव निवासी महेन्द्र कुमार मंडल, टिंकु कुमार मंडल और विकास कुमार मंडल को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से सात मोबाइल फोन और नौ सिम कार्ड बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ साइबर अपराध थाना कांड संख्या 34/26 दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड बंद होने या नया कार्ड जारी कराने का झांसा देकर लोगों को ठगते थे। इसके अलावा वे इंटरनेट पर फर्जी कस्टमर केयर नंबर अपलोड कर लोगों से संपर्क साधते और एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल करते थे।

पेसा नियमावली-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन



गोड्डा।पंचायत उपबंध झारखंड नियमावली, 2025 (पेसा) विषय पर सोमवार को डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा तिर्की एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त श्रीकांत यशवंत ने कहा कि पेसा नियमावली अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार संपन्न और सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इसके सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल, स्पष्ट कार्य विभाजन और निरंतर संवाद आवश्यक है। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को पेसा के प्रावधानों के अनुरूप ढालने तथा कार्य संस्कृति में आवश्यक सुधार पर भी बल दिया। उन्होंने ग्रामसभा अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर के विवादों का समाधान आपसी संवाद, समझौते और सामाजिक सद्भाव के माध्यम से किया जाना चाहिए। ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी से विकास योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी तथा स्थानीय समुदायों की निर्णय प्रक्रिया में भूमिका मजबूत होगी। जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा तिर्की ने पेसा अधिनियम एवं पेसा नियमावली-2025 की पृष्ठभूमि, उद्देश्य और प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेसा का मूल उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों को उनके पारंपरिक अधिकारों और स्थानीय संसाधनों के प्रबंधन में अधिक भागीदारी प्रदान करना है। राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रतिभागियों ने पेसा कानून और नियमावली से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला से दुष्कर्म का आरोप,तीन गिरफ्तार

जामताड़ा। जिले के जामताड़ा थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। मानसिक रूप से अस्वस्थ बताई जा रही एक महिला के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुलाडीह गांव के तीन युवकों पर आरोप है कि वे महिला को बहाने से अपने साथ लेकर काशीडीह स्थित पलास जंगल के पास पहुंचे। वहां महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने की बात सामने आई है। घटना के दौरान आसपास मौजूद कुछ ग्रामीणों को युवकों की गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही जामताड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पीड़िता के बयान और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की गई।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेश महतो, निवास महतो और बिलु महतो के रूप में हुई है, जो दुलाडीह गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

जिला परिवहन कार्यालय, गोड्डा

पत्रांक 320 / जि0परि0, दिनांक–08.06.2026

कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों को अद्यतन कर भुगतान हेतु आवश्यक सूचना

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य मुख्यालय से प्राप्त निम्नांकित वाहनों का पथकर (Road Tax) की राशि वाहन संख्या के सामने अंकित तिथि से बकाया है। वाहनों का पथकर की राशि के भुगतान के बिना वाहनों का परिचालन दण्डनीय है।

District Transport Officer, Godda

Non-levy of tax from Jeep_taxi and Car_taxi Passenger transport vehicles

S No	REG NO	CLASS	SC	DOR	TAX PAID UPTO	Tax due from	Tax due upto	Qtrs	qtrly RT	Qtrly ART	RT	ART	Penalty	Total
1	AP09TA4175	JEEPTX-PS	14	09-09-2009	31-10-2013	01.11.13	31.07.16	11	365	780	4015	8580	25190	37785
2	BR04F 0263	JEEPTX-PS	8	27-06-2008	21-03-2013	22.03.13	21.09.16	14	207	420	2898	5880	17556	26334
3	BR06P 9407	JEEPTX-PS	8	27-11-2009	20-03-2014	21.03.14	20.09.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
4	BR10A 9886	JEEPTX-PS	10	13-12-2000	04-09-2012	05.09.12	04.09.16	16	260	459	4160	7344	23008	34512
5	BR11F 1790	JEEPTX-PS	8	15-09-2008	10-04-2013	11.04.13	10.10.16	14	207	420	2898	5880	17556	26334
6	BR12A 2295	JEEPTX-PS	8	25-01-2001	28-02-2014	01.03.14	28.08.16	10	207	357	2070	3570	11280	16920
7	BR1PA 1483	JEEPTX-PS	8	15-12-2008	07-08-2013	08.08.13	07.08.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
8	BR24P 1899	JEEPTX-PS	8	06-07-2009	03-03-2013	04.03.13	03.09.16	14	207	420	2898	5880	17556	26334
9	BR27 1976	JEEPTX-PS	10	22-03-2005	08-05-2014	09.05.14	08.08.16	9	260	486	2340	4374	13428	20142
10	BR30P 2545	JEEPTX-PS	8	07-01-2009	05-06-2014	06.06.14	05.09.16	9	207	420	1863	3780	11286	16929
11	BR46 9635	JEEPTX-PS	8	19-04-2008	24-11-2013	25.11.13	24.08.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
12	BR46 9771	JEEPTX-PS	8	25-02-2008	28-09-2013	29.09.13	28.09.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
13	BR52 3663	JEEPTX-PS	10	22-08-2006	12-05-2013	13.05.13	12.08.16	13	260	486	3380	6318	19396	29094
14	BR52 4840	JEEPTX-PS	10	24-06-2006	08-01-2014	09.01.14	08.10.16	11	260	486	2860	5346	16412	24618
15	DL2CM 5791	CARTXI-PS	6	03-07-2008	17-07-2014	18.07.14	17.10.16	9	154	300	1386	2700	8172	12258
16	JH04A 2506	JEEPTX-PS	8	25-07-2002	19-07-2014	20.07.14	19.10.16	9	207	357	1863	3213	10152	15228
17	JH09A 3611	JEEPTX-PS	11	22-10-2001	12-10-2012	13.10.12	12.10.16	16	286	510	4576	8160	25472	38208
18	JH09A 7106	JEEPTX-PS	9	19-02-2002	09-04-2013	10.04.13	09.10.16	14	233	408	3262	5712	17948	26922
19	JH09D 6953	JEEPTX-PS	11	13-12-2004	18-10-2011	19.10.11	18.10.16	20	286	540	5720	10800	33040	49560
20	JH09E 6300	JEEPTX-PS	9	30-09-2005	07-05-2014	08.05.14	07.08.16	9	233	432	2097	3888	11970	17955
21	JH09K 5584	JEEPTX-PS	8	04-03-2009	27-08-2013	28.08.13	27.08.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
22	JH10B 5428	JEEPTX-PS	11	10-05-2002	28-05-2012	29.05.12	28.08.16	17	286	540	4862	9180	28084	42126
23	JH11A 5352	JEEPTX-PS	11	26-06-2002	07-10-2014	08.10.14	07.10.16	8	286	510	2288	4080	12736	19104
24	JH13A 0438	JEEPTX-PS	11	22-02-2002	09-08-2013	10.08.13	09.08.16	12	286	510	3432	6120	19104	28656
25	JH17A 0806	JEEPTX-PS	10	19-06-2001	16-09-2012	17.09.12	16.09.16	16	260	459	4160	7344	23008	34512
26	JH17A 1325	JEEPTX-PS	10	01-06-2006	31-08-2012	01.09.12	31.08.16	16	260	486	4160	7776	23872	35808
27	JH17A 1378	JEEPTX-PS	10	01-07-2006	30-09-2013	01.10.13	30.09.16	12	260	486	3120	5832	17904	26856
28	JH17A 2034	JEEPTX-PS	10	28-07-2002	30-11-2013	01.12.13	30.08.16	11	260	459	2860	5049	15818	23727
29	JH17A 2093	JEEPTX-PS	10	19-05-2006	18-02-2013	19.02.13	18.08.16	14	260	486	3640	6804	20888	31332
30	JH17A 2277	JEEPTX-PS	10	30-09-2002	29-09-2013	30.09.13	29.09.16	12	260	459	3120	5508	17256	25884
31	JH17A 3053	JEEPTX-PS	10	19-04-2003	30-06-2012	01.07.12	30.09.16	17	260	486	4420	8262	25364	38046
32	JH17A 3512	JEEPTX-PS	10	05-07-2006	04-07-2012	05.07.12	04.10.16	17	260	486	4420	8262	25364	38046
33	JH17A 3616	JEEPTX-PS	11	28-07-2003	14-04-2013	15.04.13	14.10.16	14	286	540	4004	7560	23128	34692
34	JH17A 3924	JEEPTX-PS	10	15-09-2003	09-09-2014	10.09.14	09.09.16	8	260	459	2080	3672	11504	17256
35	JH17A 5101	JEEPTX-PS	10	25-06-2006	24-06-2012	25.06.12	24.09.16	17	260	486	4420	8262	25364	38046
36	JH17A 6898	JEEPTX-PS	10	12-07-2006	11-01-2014	12.01.14	11.10.16	11	260	486	2860	5346	16412	24618
37	JH17A 7232	JEEPTX-PS	10	31-03-2005	14-06-2013	15.06.13	14.09.16	13	260	486	3380	6318	19396	29094
38	JH17A 7485	JEEPTX-PS	10	09-08-2006	08-02-2012	09.02.12	08.11.16	19	260	486	4940	9234	28348	42522
39	JH17A 8417	JEEPTX-PS	10	20-10-2005	30-09-2011	01.10.11	30.09.16	20	260	486	5200	9720	29840	44760
40	JH17A 8438	JEEPTX-PS	10	25-10-2005	24-10-2012	25.10.12	24.10.16	16	260	486	4160	7776	23872	35808
41	JH17A 8443	JEEPTX-PS	10	26-10-2005	25-08-2014	26.08.14	25.08.16	8	260	486	2080	3888	11936	17904
42	JH17B 0808	JEEPTX-PS	10	26-09-2006	25-09-2014	26.09.14	25.09.16	8	260	486	2080	3888	11936	17904
43	JH17B 0891	JEEPTX-PS	10	14-10-2006	13-10-2013	14.10.13	13.10.16	12	260	486	3120	5832	17904	26856
44	JH17B 1189	JEEPTX-PS	10	04-12-2006	03-09-2014	04.09.14	03.09.16	8	260	486	2080	3888	11936	17904
45	JH17B 1268	JEEPTX-PS	10	16-12-2006	15-09-2014	16.09.14	15.09.16	8	260	486	2080	3888	11936	17904
46	JH17B 1625	JEEPTX-PS	10	08-02-2007	07-02-2014	08.02.14	07.08.16	10	260	486	2600	4860	14920	22380
47	JH17B 1965	JEEPTX-PS	8	02-04-2007	01-07-2014	02.07.14	01.10.16	9	207	378	1863	3402	10530	15795
48	JH17B 2089	JEEPTX-PS	10	17-04-2007	16-07-2012	17.07.12	16.10.16	17	260	540	4420	9180	27200	40800
49	JH17B 2451	JEEPTX-PS	10	21-05-2007	20-08-2012	21.08.12	20.08.16	16	260	540	4160	8640	25600	38400
50	JH17B 4804	JEEPTX-PS	8	30-04-2008	10-04-2012	11.04.12	10.10.16	18	207	420	3726	7560	22572	33858
51	JH17B 4975	JEEPTX-PS	8	13-05-2008	12-05-2013	13.05.13	12.08.16	13	207	420	2691	5460	16302	24453
52	JH17B 4994	JEEPTX-PS	8	21-05-2008	08-01-2013	09.01.13	08.10.16	15	207	420	3105	6300	18810	28215
53	JH17B 5287	JEEPTX-PS	8	16-06-2008	15-03-2014	16.03.14	15.09.16	10	207	378	2070	3780	11700	17550
54	JH17B 6433	JEEPTX-PS	8	23-10-2008	21-08-2013	22.08.13	21.08.16	12	207	420	2484	5040	15048	22572
55	JH17B 6858	JEEPTX-PS	8	27-11-2008	15-04-2014	16.04.14	15.10.16	10	207	378	2070	3780	11700	17550
56	JH17B 7464	JEEPTX-PS	8	16-01-2009	06-01-2014	07.01.14	06.10.16	11	207	420	2277	4620	13794	20691
57	JH17B 7632	JEEPTX-PS	8	03-02-2009	18-07-2011	19.07.11	18.10.16	21	207	420	4347	8820	26334	39501
58	JH17B 7708	JEEPTX-PS	8	21-02-2009	10-05-2012	11.05.12	10.08.16	17	207	420	3519	7140	21318	31977
59	JH17B 7980	JEEPTX-PS	8	06-03-2009	01-03-2014	02.03.14	01.09.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
60	JH17B 8509	JEEPTX-PS	8	11-05-2009	10-02-2014	11.02.14	10.08.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
61	JH17B 8594	JEEPTX-PS	8	13-05-2009	07-02-2012	08.02.12	07.11.16	19	207	420	3933	7980	23826	35739
62	JH17B 8649	JEEPTX-PS	8	14-05-2009	28-10-2011	29.10.11	28.10.16	20	207	420	4140	8400	25080	37620
63	JH17B 8914	JEEPTX-PS	8	29-05-2009	10-02-2014	11.02.14	10.08.16	10	207	420	2070	4200	12540	18810
64	JH17B 9252	JEEPTX-PS	8	21-07-2009	25-10-2011	26.10.11	25.10.16	20	207	420	4140	8400	25080	37620
65	JH17B 9555	JEEPTX-PS	8	20-07-2009	16-10-2011	17.10.11	16.10.16	20	207	420	4140	8400	25080	37620
66	JH17B 9909	JEEPTX-PS	8	02-08-2009	06-02-2012	07.02.12	06.11.16	19	207	420	3933	7980	23826	35739
67	JH17B 9945	JEEPTX-PS	10	02-09-2009	10-08-2013	11.08.13	10.08.16	12	260	540	3120	6480	19200	28800
68	JH17B 9946	JEEPTX-PS	10	03-09-2009	24-08-2014	25.08.14	24.08.16	8	260	540	2080	4320	12800	19200
69	JH17B 9956	JEEPTX-PS	8	03-09-2009	13-08-2014	14.08.14	13.08.16	8	207	420	1656	3360	10032	15048
70	JH17C 0288	JEEPTX-PS	8	12-10-2009	09-03-2012	10.03.12	09.09.16	18	207	420	3726	7560	22572	33858
71	JH17C 0982	JEEPTX-PS	8	05-11-2009	06-07-2012	07.07.12	06.10.16	17	207	420	3519	7140	21318	31977
72	JH17C 0998	JEEPTX-PS	10	07-11-2009	02-10-2013	03.10.13	02.10.16

राज्यसभा में 2/3 बहुमत से मोदी सरकार को असीम शक्तियां!

भारतीय राजनीति में 18 जून 2026 की तारीख एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है। देश के 12 राज्यों में राज्यसभा की 26 सीटों पर होने वाले चुनाव केवल सांख्यिकीय फेरबदल नहीं हैं, बल्कि ये उस संवैधानिक भविष्य की नींव रख सकते हैं जिसे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन वर्षों से आकार देने की कोशिश कर रहा है। इन चुनावों के बाद राज्यसभा में एनडीए का आंकड़ा 150 के पार पहुंचने की उम्मीद है, जो उसे दो-तिहाई बहुमत के और करीब ले जाएगा।राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत का अर्थ केवल संख्या बल नहीं है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 में यह साफ किया गया है कि किसी भी संविधान संशोधन को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में विशेष बहुमत से पारित होना अनिवार्य है। इस विशेष बहुमत का मतलब उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई समर्थन से होता है। यही वह कुंजी है जो संविधान के उन दरवाजों को खोल सकती है जो अब तक बंद थे। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का मामला सबसे पहले और सबसे अधिक चर्चित है। संविधान के 130वें संशोधन विधेयक को लोकसभा से संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने की संस्तुति मिलने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में इस बिल को सभा पटल के सामने रखा था, लेकिन सरकार के पास संवैधानिक संशोधन को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत नहीं था। अप्रैल 2026 में संसद के विशेष सत्र में लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पर चर्चा हुई, लेकिन इसे पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी, जो सरकार को नहीं मिल सकी। अब यदि 18 जून के बाद राज्यसभा में बहुमत का गणित बदलता है तो यह विधेयक मानसून सत्र में फिर से जीवित हो सकता है। इससे जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को मानसून सत्र में फिर से पेश करने के लिए भाजपा की योजना 18 जून को राज्यसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद द्रमुक समेत कुछ अन्य ऐसे विपक्षी दलों को साधने की है। भाजपा को तीन कारणों से संविधान संशोधन विधेयक पर आगे बढ़ने का हौसला मिला है। पहला, राज्यसभा में बहुमत के करीब पहुंचना; दूसरा, तृणमूल कांग्रेस के संसदीय दल में टूट की संभावना; और तीसरा, द्रमुक और भाजपा के बीच बढ़ती करीबी।महिला आरक्षण के साथ ही परिसीमन का मुद्दा भी गहराई से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं, जो 1977 के बाद से स्थिर हैं। इंदिरा सरकार ने परिसीमन लाकर सीटें 525 से बढ़ाकर 543 कर इसे फ्रीज कर दिया था। अब जनसंख्या के अनुपात में लोकसभा की सीटें बढ़ाने और उनमें महिलाओं के लिए आरक्षण तय करने के लिए एक साथ संविधान संशोधन जरूरी है। दक्षिण भारतीय राज्यों को चिंता है कि नई सीटों का बंटवारा उत्तर भारत के पक्ष में होगा क्योंकि वहां जनसंख्या अधिक है। इसीलिए पीएम मोदी को यह आश्वासन देना पड़ा कि परिसीमन में किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं होगा। समान नागरिक संहिता भाजपा के घोषणापत्र का वह वादा है जो दशकों से लंबित है। उत्तराखंड इसे लागू करने वाला पहला राज्य बन चुका है। केंद्र में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए संविधान में संशोधन अनिवार्य नहीं है, लेकिन इसके कुछ पहलू जैसे मुस्लिम व्यक्तिगत कानून को प्रभावित करने वाले प्रावधान विधायी और सांख्यिकीय दृष्टि से संवेदनशील हैं।

अपने अस्तित्व पर आया खतरा तो ममता को याद आया इंडिया गठबंधन

अशोक भाटिया

साल 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद और हालिया विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त झेलने के बाद, करीब एक साल बाद पूरा विपक्ष एक मेज पर आया है ।लेकिन इस बैठक की टाइमिंग और इसके पीछे का राजनीतिक तनाव बेहद गहरा है। यह बैठक एकजुटता दिखाने से ज्यादा, गठबंधन के भीतर सुलग रही अंदरूनी बगावत, राज्यों में खोई जमीन और 2029 की चुनावी गोटियां सेट करने की एक हताश कोशिश है। हाल ही आए पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने विपक्ष को एकजुट होने के लिए मजबूर कर दिया है। राजनीतिक समीकरण कुछ यूं बदला है किज जो ममता बनर्जी 2024 से पहले इंडिया गठबंधन में कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ बागी तेवर दिखा रही थींज अब वहीं ममता कांग्रेस के पीछे खड़ी नजर आ रही हैज जबकि जो डी एम के कांग्रेस के साथ खड़ी थी अब बागी हो चुकी हैजऐसे में सवाल ये है कि आखिर विपक्ष इस बार किन मुद्दों पर एकजुट होगाज और कैसे ? डी एम के का बागी होना इंडिया गठबंधन के लिए कितना घातक साबित होगा ?

दरअसल इंडिया गठबंधन ममता बनर्जी का एक ऐसा महत्वाकांक्षी राजनीतिक ख्वाब था, जो अधूरा ही रह गया। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की वकालत करते हुए इस मोर्चे के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन उनकी यह रणनीति बंगाल में कांग्रेस और वाम दलों के साथ मतभेदों के चलते धरातल पर नहीं उतर सकी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद फाल्टा री-पोलिंग में टीएमसी प्रत्याशी का जमानत जब्त होने और पार्टी में लगातार बगावत झेल रहीं ममता बनजी को इंडिया गठबंधन की याद आई है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रविवार को एक फेसबुक लाइव में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस को याद किया। ममता ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग जून के पहले सप्ताह में एक बार फिर से मिलेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की बैठक में एक संयुक्त रणनीति पर चर्चा हो सकती है। यह भी कहा कि विपक्षी खेमा एक लंबी राजनीतिक लड़ाई के लिए तैयार है। ममता बनर्जी को विपक्षी एकता की याद आना हास्यास्पद विषय प्रतीत होता है,मोदी विरोधी विपक्षी इंडिया गठबंधन को ताकत देने के उद्देश्य से उसकी बैठक में शामिल हुईं ममता बनर्जी को तब एक और बड़ा झटका लगा जब इंडिया गठबंधन की बैठक के समानांतर तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने अलग से बैठक कर टीएमसी से अलग होने और नया गुट बनाने का फैसला कर लिया। यही नहीं, टीएमसी के कई सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात की और इस दौरान पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे। इन घटनाक्रमों ने राष्ट्रीय राजनीति में भारी हलचल पैदा कर दी है और ममता बनर्जी के नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।इस मिलन के पहले 2024 के लोकसभा चुनाव से करीब एक साल पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजपी से अलग होकर इंडिया गठबंधन बनाने की शुरुआत की थी । नीतीश कुमार खुद सभी राज्यों में गए और विपक्षी नेताओं को एकजुट करने की कोशिश की। इसी प्रयास से 23 जून 2023 पटना में करीब 15-16 विपक्षी दलों का जुटान हुआ। इसके बाद 17 और 18 जुलाई 2023 को बेंगलुरु में दूसरी बैठक हुई, जिसमें राहुल गांधी ने इसको औपचारिक नाम इंडिया गठबंधन दिया। इसी बैठक में नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की बात हो रही थी, लेकिन ममता बनर्जी बैठक पूरी तरह खत्म होने के पहले ही बेंगलुरु से कोलकाता की फ्लाइट पकड़ लीं। इसके बाद 31 अगस्त और 1 सितंबर 2023 को मुंबई में हुई बैठक में इंडिया गठबंधन के लिए 14 सदस्यीय केंद्रीय समन्वय समिति बनी, लेकिन ममता बनर्जी के अड़ंगे की वजह से एक बार फिर नीतीश कुमार को संयोजक नहीं बनाया गया। माना जाता है कि तभी से नीतीश कुमार नाराज हो गए और उन्होंने विपक्षी एकता को छोड़कर एक बार फिर से एनडीए में आने का फैसला ले लिया था। इससे विपक्षी एकता के प्रयास को जबरदस्त झटका लगा, क्योंकि जिस नेता ने इंडिया गठबंधन के कॉन्सेप्ट की शुरुआत की थी वही छोड़कर भाग गए।नीतीश कुमार के अलग होने के बाद राहुल गांधी आगे बढ़कर इंडिया गठबंधन को बनाए रखने की कोशिश में जुटे। लेकिन यहां भी ममता बनर्जी ने अपनी हनक दिखाई। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने टीएमसी के साथ गठबंधन करने के लिए हर संभव कोशिश की। मीडिया में खबर यहां तक आई कि राहुल गांधी केवल लोकसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के लिए केवल बहरामपुर सीट पर भी टीएमसी से गठबंधन को तैयार थे, लेकिन सत्ता की हनक में ममता बनर्जी कहां सुनने वाली थीं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट देने से मना कर इंडिया गठबंधन की एकता को तिलांजलि देती दिखीं। यहां तक कि उन्होंने कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर से हराने के लिए क्रिकेटर यूसूफ पठान को उतारकर साफ संदेश दे दिया कि वह कांग्रेस को कतई तवज्जो देने वाली नहीं हैं। इतना ही नहीं, ममता ने यह तक कहा- 'राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा बने रहे तो नरेंद्र मोदी को कोई नहीं हरा सकता।' जबकि 2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सामने बुरी हार होने के बाद धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए सबसे पहला फोन कॉल राहुल गांधी ने ही उन्हें किया था।इसके अलावा इंडिया गठबंधन की पहली बैठक से ही वामदल हमेशा साथ नजर आए। समय काल परिस्थिति को समझते हुए कांग्रेस ने कई बार प्रयास किया कि ममता बनर्जी वामदलों को साथ लेने पर हामी भरें, लेकिन वह कभी भी तैयार नहीं हुईं। राजनीति के जानकारों ने कहा कि जिस तरह से बिहार में लालू-नीतीश साथ आए, यूपी में 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा साथ आने की हिम्मत जुटाई, उसी तरह ममता बनर्जी अगर बंगाल में वामदलों और कांग्रेस को साथ लेकर चलती हैं तो शायद इंडिया गठबंधन आज कुछ ज्यादा ही मजबूत नजर आता। लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के अंदर इंडिया गठबंधन के किसी भी घटक दल को साथ लेकर चलने को तैयार नहीं हुईं। इतना नहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले और उसके बाद भी कई मौकों पर ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन के अंदर ही अपने हिसाब का गठबंधन बनाती दिखीं। ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन के नेताओं अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव के साथ अलग ही एकजुटता दिखाने की कोशिश करती दिखीं। वह ऐसा मैसेज देने की कोशिश करती देखीं गईं कि वह देश में कांग्रेस के बिना कोई नया गठबंधन बनाना चाहती हैं।

गौर करें कि जब 2023 में इंडिया गठबंधन की नींव रखी गई थी तब इसके कई नेता सत्ता में थे। खुद ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थीं। तमिलनाडु में एमके स्टालिन, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और पंजाब में भगवंत मान, झारखंड में हेमंत सोरेन, बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव मिलकर सरकार चला रहे थे। केरल में वामदलों की तरफ से पिनाराई विजयन मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल रहे थे।

कांग्रेस भी कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल में अपने बूते की सरकार चला रही थी। ममता बनर्जी की जिद्द के चलते 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उतना एकजुट नहीं रह पाया, जितने की उम्मीद की जा रही थी। आज आलम है कि इंडिया गठबंधन के जितने बड़े नेता हैं वह सभी सत्ता से बाहर हैं। केवल हेमंत सोरेन झारखंड जैसे छोटे राज्य में सत्ता चला रहे हैं और कांग्रेस की कुछ एक राज्यों में सरकारें हैं। आज ममता बनर्जी ना केवल खुद सत्ता से बाहर हो गईं हैं, बल्कि उनकी पार्टी के अस्तित्व का खतरा मंडराता दिख रहा है। 15 साल से सत्ता पर काबिज रहीं ममता बनर्जी भवानीपुर विधानसभा सीट पर 265 में से 200 बूथों पर सुवेंदु अधिकारी से पीछे रहीं। फाल्टा री-पोलिंग में उनकी पार्टी का उम्मीदवार वोटिंग से पहले ही चुनाव से हट गया। मोदी विरोधी विपक्षी इंडिया गठबंधन को ताकत देने के उद्देश्य से उसकी बैठक में शामिल हुईं ममता बनर्जी को तब एक और बड़ा झटका लगा जब इंडिया गठबंधन की बैठक के समानांतर तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने अलग से बैठक कर टीएमसी से अलग होने और नया गुट बनाने का फैसला कर लिया। यही नहीं, टीएमसी के कई सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात की और इस दौरान पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे। इन घटनाक्रमों ने राष्ट्रीय राजनीति में भारी हलचल पैदा कर दी है और ममता बनर्जी के नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।उसके पूर्व 80 में से 60 सदस्य अपना गुट बना चुके है ।अब बात करें इस बैठक कि तो इसका एक दूसरा पहलू भी जिस पर ध्यान देना जरुरी है । इसी बैठक से एक ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसने न केवल सुर्खियां बटोरीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी छा गई। यह तस्वीर थी कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी तथा पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की। वायरल तस्वीर में सोनिया गांधी ममता बनर्जी को गले लगाती हुई दिखाई दे रही हैं। ममता ने भी मुस्कुराते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पश्चिम बंगाल में करारी हार के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी। सोशल मीडिया के अनुसार जब दो कमजोर लोग दुश्मनी के बाद वापस गले मिलते है तो उसके कई अर्थ निकले जाते है ।

पाकुड़ की खबरें

चाय दुकान में चल रहा था नशा का कारोबार, दो गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुफस्सिल थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जानकारी के अनुसार पुष्पानगर स्थित एक चाय दुकान की आड़ में कथित रूप से चल रहे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान ब्राउन शुगर, गांजा और नकद राशि बरामद की गई है। एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि पुष्पानगर में एक चाय दुकान से नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है। सूचना के आलोक में एसडीपीओ कुमार गौरव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। पुलिस टीम जैसे ही दुकान पर पहुंची, वहां मौजूद कुछ लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोग मौके से भागने लगे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान संचालक अंसारूल शेख और सादुल शेख को हिरासत में ले लिया।

तलाशी के दौरान अंसारूल शेख के पास एवं दुकान से 21 पुड़िया ब्राउन शुगर, 24 पुड़िया गांजा तथा 2,310 रुपये नकद बरामद किए गए। वहीं सादुल शेख के पास से भी गांजे की दो पुड़िया जब्त की गई। पुलिस के अनुसार कुल 7.07 ग्राम ब्राउन शुगर और 54.73 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान नशीले पदार्थों की आपूर्ति से जुड़े एक अन्य व्यक्ति का नाम भी सामने आया है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।इस संबंध में मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 73/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।नशे की गिरफ्त से युवाओं को बचाने और जिले में मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश

रानीपुर टोला में लगा नया ट्रांसफार्मर

पाकुड़। प्रखंड के कुमारपुर पंचायत अंतर्गत रानीपुर टोला में लंबे समय से बनी बिजली समस्या के समाधान की दिशा में नया 100 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।ग्रामीणों के अनुसार पुराने ट्रांसफार्मर की कम क्षमता और तकनीकी खराबियों के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अक्सर बाधित रहती थी, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से अब विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार और निर्बाध बिजली मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।ग्रामीणों ने बताया कि यह कार्य डॉ. तनवीर आलम की पहल पर संभव हो सका।

दो दिनों से हिरणपुर क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की खराब स्थिति, उपभोक्ता परेशान

हिरणपुर (पाकुड़) प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जिओ नेटवर्क की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। इंटरनेट की धीमी गति के कारण आम मोबाइल उपभोक्ताओं के साथ-साथ सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) और सीएसपी संचालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि क्षेत्र में जिओ का 5जी नेटवर्क तो दूर, 4जी सेवा भी सुचारु रूप से कार्य नहीं कर रही है। इंटरनेट स्पीड अत्यंत धीमी होने के कारण ऑनलाइन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग सेवाओं से जुड़े कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।उपभोक्ता आशीष सेन, जयंत मंडल, विकास रविदास और आसिफ अंसारी सहित कई लोगों ने बताया कि पिछले दो दिनों से जिओ की इंटरनेट सेवा काफी धीमी चल रही है। मोबाइल पर इंटरनेट का उपयोग करना मुश्किल हो गया है, जिससे दैनिक कार्यों के साथ-साथ ऑनलाइन लेन-देन में भी परेशानी हो रही है।स्थानीय लोगों ने जिओ कंपनी से जल्द से जल्द नेटवर्क और इंटरनेट सेवा में सुधार करने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

मतदाता सूची मैपिंग में जुटे झामुमो कार्यकर्ता बूथों पर पहुंचकर लोगों को किया जागरूक

बरहेट- बरहेट प्रखंड के डोरांई संथाली, तलबड़िया, पचकठिया बाजार, खिजूरखाल, सीमलढाब, खैरवा एवं हिरणपुर पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मंगलवार कोविशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत् चल रहे मतदाता सूची मैपिंग कार्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे रहे.इस दौरान झामुमो के प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान सहित अन्य कार्यकर्ता, पंचायत अध्यक्ष एवं सचिव विभिन्न बूथों पर उपस्थित होकर मतदाताओं को जागरूक करते नजर आए. कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची मैपिंग प्रक्रिया की जानकारी देते हुए लोगों को आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से बताया.मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं से अपील की कि वे अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों का सही तरीके से सत्यापन अवश्य कर लें.ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जा सके.उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना जरूरी है.कार्यकर्ताओं ने बूथों पर पहुंचकर लोगों को फॉर्म भरने, दस्तावेजों की जांच कराने तथा मैपिंग कार्य से जुड़ी अन्य प्रक्रियाओं में सहयोग किया. साथ ही प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाने में भी सक्रिय सहयोग किया.

आदिवासी वीरांगना फूलो-झानो पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

बरहरवा- धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के पावन अवसर पर आज बरहरवा प्रखंड अंतर्गत ढाटापाड़ा गांव में आदिवासी समाज की महान वीरांगना बहनों फूलो-झानो की स्मृति में आदिवासी वीरांगना फूलो-झानो पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का उद्घाटन किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहरवा सन्नी कुमार दास, लाइब्रेरियन संजय कच्छप एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ. इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने



शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए इस पहल की सराहना की.यह पुस्तकालय ग्रामीण एवं वंचित समुदाय के बच्चों, युवाओं तथा विद्यार्थियों को अध्ययन, ज्ञान एवं बेहतर भविष्य के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.पुस्तकालय का संचालन एवं देखरेख कार्तिक उरांव यूथ क्लब ढाटापाड़ा बरहरवा द्वारा सामुदायिक सहयोग एवं सहभागिता के आधार पर किया जाएगा.कार्यक्रम में बताया गया कि पुस्तकालय को समृद्ध एवं संसाधनयुक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग अपेक्षित है. पुस्तकालय हेतु नई एवं पुरानी उपयोगी पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की अध्ययन सामग्री, साहित्य, जीवनी, बच्चों की ज्ञानवर्धक पुस्तकें, कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट, प्रोजेक्टर, प्रिंटर, स्कैनर, फर्नीचर एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री की आवश्यकता है.इस अवसर पर उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे इस जनहितकारी एवं शैक्षणिक पहल में अपनी सामर्थ्य अनुसार योगदान देकर क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सहभागी बनें.वक्ताओं ने कहा कि एक पुस्तक, एक कुर्सी अथवा एक पुराना कंप्यूटर भी किसी बच्चे के जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है.पुस्तकालय के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में शिक्षा, ज्ञान और सामाजिक जागरूकता के नए अध्याय की शुरुआत हुई है. जो आने वाले समय में ग्रामीण प्रतिभाओं को नई दिशा एवं पहचान प्रदान करेगा.

डीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन समाधान दिवस में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि विवाद, बैंक



खाते पर होल्ड, बिजली आपूर्ति बाधित होने तथा सरकारी निर्माण कार्यों में अनियमितता से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए।महेशपुर के रबिउल शेख ने बैंक खाते से होल्ड हटाने, सलीन अंसारी ने पैतृक भूमि पर सरकारी भवन निर्माण कराने तथा पाकुड़िया के मदन प्रसाद भगत ने भूमि विवाद से जुड़ी शिकायत दर्ज कराई। वहीं मोहुबना पहाड़िया टोला के ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता और भिलाई गांव के ग्रामीणों ने खराब ट्रांसफार्मर बदलने की मांग रखी।उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का शीघ्र समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस पर लोगों को किया गया जागरूक

साहिबगंज- पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के द्वारा मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया गया. इस अवसर साहिबगंज के पच्छिम रेले फाटक सहित मंडल के सभी 103 समपार फाटकों पर



जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को रेलवे फाटक पार करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया.मालदा टाउन एवं गौर मालदा के बीच स्थित समपार फाटक संख्या 64/ई/स्पेशल पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सहयोग से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया.जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेलवे सुरक्षा का संदेश दिया गया. अभियान के दौरान लोगों के बीच पंपलेट वितरित कर बंद फाटक पार नहीं करने, बैरियर से छेड़छाड़ नहीं करने तथा रेलवे लाइन पार करते समय मोबाइल और ईयरफोन का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई.

चीनपाड़ा फुटबॉल टूर्नामेंट में एफसी अंबाजोड़ा बनी चैंपियन

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड के जामजोड़ी पंचायत अंतर्गत चीनपाड़ा गांव में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजद जिला अध्यक्ष महावीर मौया, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष लाल



मरांडी और प्रखंड अध्यक्ष मनोज मढ़ैया ने फुटबॉल को किक मारकर किया।रोमांचक मुकाबलों के बाद एफसी अंबाजोड़ा और एफसी न्यू हॉटपाड़ा मंगल स्टार की टीमें फाइनल में पहुंचीं। फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए एफसी अंबाजोड़ा ने जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।विजेता टीम को 10 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 8 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजद नेताओं ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन और टीम भावना को भी बढ़ावा देता है। टूर्नामेंट को सफल बनाने में ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच और आयरन युक्त भोजन की दी सलाह

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती माताओं का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के



161 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश बेसरा बताया की शिविर में गर्भवती महिलाओं का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन , वजन, सहित अन्य जरूरी जांच किए गए। साथ ही आवश्यक दवाइयां के साथ-साथ उचित परामर्श भी दिया गया। उन्होंने बताया शिविर का मुख्य उद्येश्य प्रसव के दौरान जच्चा व बच्चा को स्वस्थ व तंदरूस्त रखना है। साथ ही गर्भावस्था के दौरान खून की कमी मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इससे प्रसव के दौरान मुश्किलें बढ़ने के साथ-साथ शिशु के विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।उन्होंने कहा कि समय पर जांच, संतुलित आहार और उचित इलाज से एनीमिया की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच कराने, आयरन युक्त भोजन लेने और चिकित्सीय परामर्श का पालन करने की सलाह दी। मौके पर डा0दानिश ,एएनएम शकुंतला बेसरा, सहित अन्य उपस्थित थे।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर डीसी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

साहिबगंज - उलगुलान के महानायक जल-जंगल-जमीन के अमर प्रहरी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला समाहरणालय सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर डीसी दीपक कुमार



दुबे ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए.श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्त्ता गौतम कुमार भगत, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित थे.कार्यक्रम का समापन भगवान बिरसा मुंडा के महान व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को नमन करते हुए किया गया.

पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं और जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख मरांग बीटी बेसरा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 15वें वित्त आयोग की विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में खराब पड़े चापानलों एवं जलमीनारों की मरम्मत, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में हैंडवॉश निर्माण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन तथा पीवीटीजी परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही राशन कार्ड से वंचित पात्र लाभुकों की पहचान कर नए कार्ड बनाने तथा पहाड़ी क्षेत्रों में डोर-स्टेप चावल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कृषि विभाग ने खरीफ मौसम के लिए धान बीज की उपलब्धता और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण की जानकारी दी। वहीं मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यालय परिसर एवं मुख्य सड़कों के किनारे पौधारोपण कराने तथा इच्छुक लाभुकों से भूमि संबंधी विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया।बैठक में शिक्षा विभाग को विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, पशुपालन विभाग को टीकाकरण शिविर आयोजित करने तथा विद्युत विभाग को धुंधापहाड़ी और लहरबनी गांव की बिजली समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया गया।स्वास्थ्य विभाग ने आगामी 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड में 22,217 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही मलेरिया जांच और आभा कार्ड निर्माण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

शराब पीकर वाहन चलाने वालो की खैर नही

साहिबगंज-अपराध पर अंकुश लगाने एवं आमजनों की सुरक्षा को लेकर नगर थाना पुलिस इन दिनों शहर में रात के समय आवारा युवकों के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ कर दी है. नगर

जनता दरबार में सुनी गईं समस्याएं कई मामलों का मौके पर हुआ समाधान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और शिकायतों के निष्पादन को लेकर समाहरणालय में उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भू-अर्जन, मुआवजा भुगतान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास तथा



अन्य योजनाओं से जुड़ी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में उपायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों की जांच कर जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पीएम किसान योजना, मंईयां सम्मान योजना, पेंशन और राजस्व से जुड़े कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक बुधवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में आयोजित होने वाले जनता दरबार में अधिक से अधिक शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

देवघर से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत देवघर पुलिस को सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का आरोप है कि ये युवक फर्जी कस्टमर केयर प्रतिनिधि और बैंक अधिकारी बनकर लोगों को ऑनलाइन ठगी का शिकार बना रहे थे। एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देश पर साइबर थाना और कुण्डा थाना की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों की पहचान कुण्डा थाना क्षेत्र के गौरीपुर निवासी चिकु कुमार मंडल, पलाथर



निवासी छोटू कुमार महतो और करौं थाना क्षेत्र के दुबरा निवासी कुंदन कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी फ्लिपकार्ट, अमेजन, फोनपे, गूगल पे, पेटीएम और आईआरसीटीसी के फर्जी कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों को कॉल करते थे। कैशबैक और तकनीकी सहायता का झांसा देकर लोगों से फोनपे गिफ्ट कार्ड बनवाते थे और बाद में उसे रिडीम कर रकम हड़प लेते थे। इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक के अधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को भ्रमित किया जाता था। कार्ड बंद होने या दोबारा चालू कराने के नाम पर लोगों से गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी की जाती थी। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पीएम किसान योजना और आसान ऋण दिलाने का झांसा देकर फर्जी मोबाइल नंबरों के जरिए लोगों को जाल में फंसाते थे। पुलिस को लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड और दो प्रतिबिंब सिम बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइल और सिम कार्ड की प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। पुलिस अब इनके नेटवर्क और अन्य संभावित सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

देवघर के आयुष संतोषी ने साउथ एशियन चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



मुंबई खबोरिया । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) रे चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) रेन गाखुड़ बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ाक् जुतुम दो क्रिकेट लिस्ट ए रे मित्टेन नोडका विश्व रिकॉर्डे बेनावाकादा, नोआ रिकॉर्ड बेनाव बाड आलगावा बिचकोम नोआ पारोड दो मुसकिल गेको मेतावात् काना। 2022 सेरमा रे विजय हजारे ट्रॉफी ताक रे उनी दो महाराष्ट्र टीम सेच् खोन खिलोड तुलुच् उत्तर प्रदेश बिरोद रे मित् ओवर रे गे तातले एयाय गोटेच् छाका दालकेत् ते जोतो होड़े हाहाड़ा आचो लेत्कोआ। नोआ मैच रे गायकवाड़ दो आड़ी जिगिर सालाक् ते 220 रने बेनाव लेदा, ओना इयाते उनीयाक् मोज खिलोड दो आरतेत् गे उयहारान बेनावेन ताया। नोआ हाहाड़ावान घोटना दो उत्तर प्रदेशन रेन बॉलर शिवा सिंह आक् पारी रेयाक् 49 धावाक् ओवर रे होयेना। गायकवाड़ दो उन ओकते आड़ी तापिसे चापाएत्कान ताहेंना। उनी दो ओना ओवर रेयाक् तुरूई गोटेच् बॉल रे तातले तुरूई गोटेच् छाकाये दाल केदा। ओना तायोम ओवर रेयाक् मुचात् बॉल दो नो-बॉलको लेखा केदा आर गायकवाड़ दो ओना फ्री-हिट रेयाक् पुरा पोरहोये हातावे तुलुच् छाकाये दाल केदा। मित् ओवर रे गे उनी दो एयाय गोटेच् छाका दालकेत् ते जोतो 42 रने बेनाव केदा, उनी दो क्रिकेट लिस्ट ए रे मित् ओवर रे गे जोतो खोन ढेर रने बेनावकेत् नावां विश्व रिकॉर्ड बेनावेना। नोआ दो ओडकान ओकते ताहेंकाना जे विपक्ष रे बॉलर शिवा सिहं आच् होंय हाहाड़ायेना। क्रिकेट रेयाक् इतिहास रे मित् ओवर तुरूई गोटेच् छाका दो आयमा गाखुड़ खिलाड़ीको दालाकादा, मेनखान मित् ओवर रे एयाय गोटेच् छाका दालकेत् दनिया रेन मोठे मित्टेन गे खिलाड़ी

मणिपुर रे 14 गोटेच् कुकीको रिहा केत्कोआ, नित हों 6 गोटेच् नगा बाको ञाम आकात्कोआ

खबोरिया

इमफाल। मणिपुर रे हाली रे गे बारया दोल रेन होड़को तापामेन माराङ घोटना ताक रे 14 गोटेच् कुकीको साप्लेत्को बालेमाहां हिलोक् रिहा कातेत् रेनापति जिला प्रशासनको जिमावादेया। ओनकोवाक् रिहाई दो यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) आक् कुस्मुटू ते होयेना। यूएनसी रेन मित्टेन पदाधिकारी दोय लाई केदा जे गोटा दो मानवी लेका तेको हातावे केदा। उनी दोय मेन केदा जे नोआ उपाई नगा दोलकोवाक् आरीचाली, मानवाधिकारको मान-मानोत आर कुरूमुटू रेयाक् नैतिक आरीचाली बिरोद उनकोवाक् एकराड़े सोदोरेत्कान ताकोआ। यूएनसी लेका ते केंद्रीय गृह मंत्री सेच् खोन नगालैंड रेन सिरामंत्री दाराय ते तुरूई गोटेच् आत् आकान नगा ओनको तोलासको लागित् ते कुरूमुटूय आसे एमावात्को ताहेंना, ओना छाडा जुदा-जुदा ईसाई संगठनको आर मेघालय रेन सिरामंत्रीयाक् नेहोरे हों कुकीको लेत्को रिहाई लागित् ते मित्टेन उपाये बेनाव केदा। काउंसिल दोय लाई केदा जे मणिपुर सरकार हों तुरूई गोटेच् आत् आकान नगा होड़ाक् ओबोसता लागाव लागित् आर ओनको मोज ते रूवाड़ोक् लागित् ते कुरूमु तोंगेय दोहोया। नोको दो 13 माई हिलोक् कोटले टोठा रे मित्टेन खातरानाक् हामला तायोम उहोप्लेन ताहेंना। दोसको लादे कांगपोकपी जिला रेयाक् कोंसाखुल आतो रेन 18 गोटेच् नागाको कुकी दोल दो लेइलोन वैफेई टोठा रेको साप् लेत्कोआ। ओना रांगाव ते नगा दोल दो 28 कुकी होड़को हिरासत रेको दोहोलेत्कोआ। ओना तायोम बानार दोल ताला रे गापालमाराव कातेत् आयमा साप्लेत् होड़को आड़ाक् केत्कोआ, मेनखान तुरूई गोटेच् नगा दो साप् आकात्कोआ आर 14 गोटेच्। कुकीको साप् आकत्को नित हाबिच् हिरासत रेको ताहेंकान गेया। यूएनसी दो पाहिल रे हों कुकी आड़ाक्को लागित् तेय कुरूमुटू लेत् ताहेंना। मेनखान नगा दोल रेनको बिरोद केत् ते नोआ दो टालावेना।

गुरमाहां रे पूर्व विधायक कोचे मुंडा दो़ भगवान बिरसा मुंडाय दिसा़ केदेया

खबोरिया

खूंटी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडावाक् गुर माहां ओपसोर रे मंगलवार हिलोक् तोरपा रेयाक् हिल चौक रे मेनाक् उनीयाक् मुरती मुठान रे तोरपा रेन पूर्व विधायक आर भाजपा रेन गाखुड़ नेता कोचे मुंडा दो़ बाहामाला आराव कातेय दिसा़ केदेया। नोआ ओपसोर रे उनी दो़ बिरसा मुंडावाक् व्यक्तित्व आर कामीताय जोहार मानोत तुलुच् उनी लायाक् होर रे चालाकए लिलकार केत्कोआ। पूर्व विधायक कोचे मुंडा दोय मेन केदा जे भगवान बिरसा मुंडा एकेन मित् महान स्वतंत्रता सेनानी गे बाड़, बोरोड आदिवासी सोमाज रेयाक् स्वाभिमान, संस्कृति आर अधिकारको रेयाक् चिन्हा काना। उनी दो अंग्रेजी सासोन आर सासोन बिरूद संघर्ष काते सोमाज रे नावां चेतना। उनीयाक् जियोन जिमाक्ए साहांस आर सामाजिक न्याय लागित्ए ओकादो तेहेञ हों जुवानको लागित् उसकुरानाक् काना। उनीय मेन केदा जे बिरसा मुंडावाक् विचार आर आदर्श वर्तमान पीढ़ी लागित् मार्गदर्शक कानाय। शिक्षा, जुमिद आर विकास होर रे लाहाक् जारूड़ काना। नोआ ओकते ताहेंकान होड़को हों धरती आबा मानोत जोहाराय तुलुच् उनीयाक् एनेमको दिसा़ केदा आर उनीयाक् कुकमू लेकाते सोमाज बेनाव रेयाक्को एकराड़ एना। नोआ ताक रे दीपक तिग्गा घालोक् आयमा होड़को ताहेंकाना।



कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, दुमका

शहरी क्षेत्र (प्रखंड स्तर तक) के मत्स्य विक्रेताओं से आवेदन आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 05 रा0 (विभाग) दिनांक– 25.05.2026 के आलोक में जिला दुमका के शहरी क्षेत्र से (प्रखंड स्तर तक) के खुदरा मत्स्य विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष– 2026–27 में मत्स्य विपणन योजनान्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मत्स्य विक्रेता जो सड़क किनारे चौक–चौराहों, बाजार, हाट आदि जगहो पर मत्स्य विपणन का कार्य करते हैं, उन्हें मछली बिक्री किट का लाभ दिया जाना है, इस हेतु मत्स्य निदेशालय स्तर पर एक मछली बिक्री किट की ईकाई लागत मो0 15,000.00 रूपये मात्र आकलित है, मछली बिक्री किट सामग्रियों का क्रय मत्स्य निदेशालय स्तर से स्वीकृत स्पेशिफिकेशन के अनुरूप होंगे।

निर्धारित स्पेशिफिकेशन के एक मछली बिक्री किट हेतु खुदरा मछली बिक्रेताओं को विभागीय अनुदान 95% अथवा अधिकतम मो0– 14,250.00 रूपये मात्र (दोनों में जो कम हो) दिया जाएगा। शेश राशि का व्यय चयनित लाभुक द्वारा स्वयं किया जाएगा।

मत्स्य विपणन योजना अंतर्गत विपणन किट का भौतिक लक्ष्य निम्न प्रकार है :–

क्र. सं.	मछलियों के विपणन हेतु उपकरण एवं विपणन परिवहन	लघु शीर्ष	इकाई लक्ष्य	कुल लागत राशि	सरकार द्वारा देय अनुदान की राशि	लाभूक के अंशदान की राशि
1	2	3	4	5	6	7
1	मत्स्य विपणन किट के लिए	796	20	15,000.00	95%	5%

उपरोक्त योजनान्तर्गत इच्छुक खुदरा मत्स्य विक्रेताओं से दिनांक– 30.06.2026 तक आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, दुमका से निःशुल्क प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरकर कार्यालय कार्य अवधि तक निम्न अर्हत्ताओं के साथ जमा कर सकते है :–

अर्हत्ताएं :–

1. लाभुक द्वारा कम–से–कम मो0 15,000.00 रूपये का मछली किट खरीदने का आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदन पत्र में नगर पार्षद सदस्य/ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा मत्स्य बिक्री से जुड़े होने संबंधी स्पष्ट अनुशंसा होनी चाहिए जिसमें मछली बिक्री का समय व स्थान अंकित होगा।
3. सरकार के अनुदान के अतिरिक्त लाभुक अंशदान व्यय करने में आर्थिक रूप से सक्षम होने संबंधी शपथ–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदक को NFDP Portal पर निबंधित होना अनिवार्य एवं आवश्यक होगा। आवेदन में NFDP निबंधन संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा। (प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
5. आवेदक यदि दिव्यांग है तो असैनिक शल्य चिकित्स्क द्वारा दिव्यांगता संबंधी निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड एवं अनुसूचित जनजाति कोटि के आवेदकों को जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, दुमका

PR 381915 (Fish) 26-27 (D)

सोहया पहाड़ी रे खनन माफि यावाक् काबजा एनजीटी धाबिच् सेटेरेना मामला

पलामू। जिला रेयाक् हुसैनाबाद रेयाक् पहचान मानावक् कान सोहया पहाड़ी रे आर मित् धाव माराङ मामला तेंगो आकाना। अवैध खनन आरपर्यावरणीय दोहन खिलाफ झारखंड रेन पूर्व मंत्री आर पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह दो मंगलवार हिलोक् राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी रेयाक् दुवार खाटखाटाव तुलुच् पुरा मामला रेयाक् चेतान तारीतेयाक् जांच रेको खोज आकादा। पूर्व मंत्री दोय आरोप आकादा जे सोहया पहाड़ी रे आयमा बोछोर खोन खनन चालाक् कान कामी दो टोठा रेयाक् प्राकृतिक संरचना आड़ी गेय लोकसान आकादा। ओका पहाड़ी जाहांतिस टोठा रेयाक् शान आर हाजारके चासाकोवाक् जियोन रेयाक् आधार मानावेत् ताहेंना, तेहेञ ओण्डे खोन लागातार धिरी खादान लाक् ते ओनोरोल संतुलन रे खातरा मांडरावक् काना।

जिला परिवहन कार्यालय, गोड्डा

पत्रांक 315/जि0परि0, दिनांक– 08.06.2026

कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों को अद्यतन कर भुगतान हेतु आवश्यक सूचना (आम सूचना)

एतद् द्वारा निम्नांकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, गोड्डा में निबंधित निम्न कर प्रमादी वाहनों के वाहन स्वामियों द्वारा बकाया पथ कर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अपने नाम के सामने अंकित बकाया पथ–कर, अतिरिक्त कर एवं एण्ड की राशि का भुगतान एक पक्ष के अंदर ई–पेमेंट के माध्यम से निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

अतः निम्नांकित वाहन स्वामियों सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अंदर वाहन पोर्टल (https://vahan.parivahan.gov.in/vahanservice/) के माध्यम से ऑनलाईन बकाया राशि जमा नहीं होने के स्थिति में वाहन को नियमानुसार (Blacklist) करने की कार्रवाई की जाएगी।

District Transport Officer, Godda — **Annexure-I**

Non-levy of tax from goods transport vehicles

S No	REG NO	CLASS	RLW/SC	DOR	TAX PAID UPTO	Tax due from	Tax due upto	Qtrs	qtrly RT	Qtrly ART	RT	ART	Penalty	Total
450	PB10DS4842	HGV-LPK 2516 HYVA	25000	9/27/2012	1/16/2014	17.01.14	16.07.16	10	2736	2926	27360	29260	113240	169860
451	PB11AF8709	MOBLVH-JCB	7650	7/1/2007	9/6/2013	07.09.13	06.09.16	12	403	712	4836	8544	26760	40140
452	UP32BN0347	HGV-JCB	6990	5/19/2005	8/31/2013	01.09.13	31.08.16	12	364	625	4368	7500	23736	35604
453	UP64D 6955	HGV-TRUCK	16200	4/1/2003	11/11/2012	12.11.12	11.08.16	15	1542	1453	23130	21795	89850	134775
454	UP64H 1648	MOBLVH-JCB	7460	12/27/2007	7/24/2014	25.07.14	24.07.16	8	390	668	3120	5344	16928	25392
455	UP65AR2876	HGV-TRUCK	25000	8/3/2007	11/2/2012	03.11.12	02.08.16	15	2736	2926	41040	43890	169860	254790
456	UP70CT5955	HGV-LPK 2518 TC/38	25000	5/4/2012	11/7/2013	08.11.13	07.08.16	11	2736	2926	30096	32186	124564	186846
457	WB15A 4741	HGV-TRUCK	25000	2/23/2007	1/2/2013	03.01.13	02.10.16	15	2736	2194	41040	32910	147900	221850
458	WB19B 1452	LGV-PIKUP	2850	7/23/2004	4/26/2014	27.04.14	26.07.16	9	168	276	1512	2484	7992	11988
459	WB23A 7751	HGV-TRUCK	25000	10/14/2005	8/15/2014	16.08.14	15.08.16	8	2736	2194	21888	17552	78880	118320
460	WB23B 2561	HGV-TRACK	25000	5/18/2007	1/18/2013	19.01.13	18.07.16	14	2736	2194	38304	30716	138040	207060
461	WB23B 3172	HGV-LPT2515 TC/48	25000	8/22/2007	5/13/2013	14.05.13	13.08.16	13	2736	2194	35568	28522	128180	192270
462	WB25B 1492	LGV-TATA 207 D1	2820	12/14/2005	7/13/2012	14.07.12	13.10.16	17	168	276	2856	4692	15096	22644
463	WB25B 9620	HGV-TRUCK	16200	7/9/2004	4/5/2013	06.04.13	05.10.16	14	1542	1453	21588	20342	83860	125790
464	WB25C 2854	HGV-TANKAR	25000	9/15/2006	4/19/2013	20.04.13	19.07.16	13	2736	2194	35568	28522	128180	192270
465	WB25D 9866	HGV-TRUCK	25000	11/27/2009	8/4/2014	05.08.14	04.08.16	8	2736	2926	21888	23408	90592	135888
466	WB25E 0759	HGV-LPT2515 TC/48	25000	11/12/2008	4/5/2013	06.04.13	05.10.16	14	2736	2926	38304	40964	158536	237804
467	WB25E 0921	HGV-CARGO TRUCK	25000	6/22/2007	1/5/2013	06.01.13	05.10.16	15	2736	2194	41040	32910	147900	221850
468	WB25E 1001	HGV-TRUCK	16200	6/13/2008	6/4/2014	05.06.14	04.09.16	9	1542	1453	13878	13077	53910	80865
469	WB34BA4967	LGV-PLVAN	2830	11/22/2010	1/24/2014	25.01.14	24.07.16	10	168	368	1680	3680	10720	16080
470	WB37 5698	HGV-TIPPER	16200	8/5/2002	8/13/2014	14.08.14	13.08.16	8	1542	1356	12336	10848	46368	69552
471	WB37 7863	HGV-CARGO 1312	16200	12/12/2000	9/10/2014	11.09.14	10.09.16	8	1542	1356	12336	10848	46368	69552
472	WB37A 1523	HGV-MK II 198 WB	25000	3/27/2003	7/26/2013	27.07.13	26.07.16	12	2736	2194	32832	26328	118320	177480
473	WB37A 5292	HGV-LPK 2516 HYVA	25000	8/19/2005	12/2/2012	03.12.12	02.09.16	15	2736	2194	41040	32910	147900	221850
474	WB37A 6881	HGV-TIPPER	16200	2/8/2005	11/28/2013	29.11.13	28.08.16	11	1542	1453	16962	15983	65890	98835
475	WB37A 7433	HGV-LPT2515 TC/48	25000	4/11/2005	11/5/2013	06.11.13	05.08.16	11	2736	2194	30096	24134	108460	162690
476	WB37A 8364	LGV-PICK UP	2820	8/23/2005	2/7/2014	08.02.14	07.08.16	10	168	276	1680	2760	8880	13320
477	WB37A 9895	HGV-JCB	7460	4/26/2006	4/21/2015	22.04.15	21.07.16	5	390	668	1950	3340	10580	15870
478	WB37B 0010	LGV-TATA 207 D1	2820	5/22/2006	12/8/2014	09.12.14	08.09.16	7	168	276	1176	1932	6216	9324
479	WB37B 2853	HGV-LPT2515 TC/48	25000	10/11/2007	5/27/2015	28.05.15	27.08.16	5	2736	2194	13680	10970	49300	73950
480	WB37B 3535	HGV-LPK1613/36	16200	3/5/2008	6/29/2013	30.06.13	29.09.16	13	1542	1938	20046	25194	90480	135720
481	WB37B 3660	HGV-CRANE	11200	3/24/2008	2/6/2013	07.02.13	06.08.16	14	859	1356	12026	18984	62020	93030
482	WB37B 5037	HGV-SK1616/36 TIPPER	25000	6/28/2008	8/28/2012	29.08.12	28.08.16	16	2736	2926	43776	46816	181184	271776
483	WB37B 6028	HGV-CRANE	10555	4/21/2009	9/20/2013	21.09.13	20.09.16	12	791	1298	9492	15576	50136	75204
484	WB37B 6608	HGV-99	25000	7/3/2009	4/2/2015	03.04.15	02.10.16	6	2736	2194	16416	13164	59160	88740
485	WB37B 6610	HGV-99	25000	7/3/2009	4/2/2015	03.04.15	02.10.16	6	2736	2194	16416	13164	59160	88740
486	WB37B 6617	HGV-99	25000	7/3/2009	10/2/2013	03.10.13	02.10.16	12	2736	2926	32832	35112	135888	203832
487	WB37B 8965	HGV-VOLVO 340-4X2	31000	3/18/2010	4/1/2015	02.04.15	01.10.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
488	WB37B 8966	HGV-VOLVO 340-4X2	31000	3/18/2010	4/1/2015	02.04.15	01.10.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
489	WB37B 8967	HGV-FH 12G-340-4X2	31000	3/18/2010	4/1/2015	02.04.15	01.10.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
490	WB37C 0249	HGV-TRUCK	25000	1/1/2004	7/11/2015	12.07.15	11.10.16	5	2736	2048	13680	10240	47840	71760
491	WB37C 1360	HGV-TRACK	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
492	WB37C 1361	HGV-BENZ E-250	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
493	WB37C 1362	HGV-TRACK	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
494	WB37C 1364	HGV-TRACK	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
495	WB37C 1365	HGV-BENZ E-250	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
496	WB37C 1366	HGV-BENZ E-250	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
497	WB37C 1368	HGV-LPT 3118 TC/52	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
498	WB37C 1369	HGV-TRACK	31000	11/30/2010	3/13/2015	14.03.15	13.09.16	6	3555	3623	21330	21738	86136	129204
499	WB39 6717	HGV-TRUCK	25000	2/12/2004	3/17/2014	18.03.14	17.09.16	10	2736	2194	27360	21940	98600	147900
500	WB39 9721	HGV-TRUCK	16200	1/9/2007	3/4/2014	05.03.14	04.09.16	10	1542	1453	15420	14530	59900	89850
501	WB39A 0257	HGV-99	25000	5/15/2007	11/14/2012	15.11.12	14.08.16	15	2736	2926	41040	43890	169860	254790
502	WB39A 0498	HGV-99	25000	8/14/2007	11/15/2012	16.11.12	15.08.16	15	2736	2926	41040	43890	169860	254790
503	WB39A 0517	HGV-99	25000	8/24/2007	8/23/2013	24.08.13	23.08.16	12	2736	2194	32832	26328	118320	177480
504	WB39A 1015	HGV-99	25000	2/22/2008	2/21/2012	22.02.12	21.08.16	18	2736	2926	49248	52668	203832	305748
505	WB39A 1017	HGV-TIPPER	25000	2/22/2008	2/21/2013	22.02.13	21.08.16	14	2736	2926	38304	40964	158536	237804
506	WB39A 4193	HGV-JCB	7460	8/3/2010	9/4/2015	05.09.15	04.09.16	4	390	891	1560	3564	10248	15372
507	WB39A 4753	HGV-99	7340	8/13/2009	12/31/2014	01.01.15	01.10.16	7	390	891	2730	6237	17934	26901
508	WB40P 4510	MOBLVH-JCB	7460	3/3/2009	6/2/2013	03.06.13	02.09.16	13	390	891	5070	11583	33306	49959
509	WB41A 6514	HGV-TRUCK	7000	3/16/2005	11/1/2012	02.11.12	01.08.16	15	364	625	5460	9375	29670	44505
510	WB41C 7371	HGV-TRUCK	25000	1/11/2007	6/4/2013	05.06.13	04.09.16	13	2736	2194	35568	28522	128180	192270
511	WB41D 0226	HGV-TRUCK	25000	9/10/2005	11/27/2013	28.11.13	27.08.16	11	2736	2194	30096	24134	108460	162690
512	WB53 5269	LPK 1613/36 TIPPER	16200	1/18/2001	6/2/2014	03.06.14	02.09.16	9	1542	1356	13878	12204	52164	78246
513	WB53 9747	HGV-LPK 2518 TC/38	16200	3/29/2008	6/29/2013	30.06.13	29.09.16	13	1542	1938	20046	25194	90480	135720
514	WB53A 0049	HGV-JCB	7460	9/1/2003	3/30/2014	31.03.14	30.09.16	10	390	624	3900	6240	20280	30420
515	WB53A 1254	HGV-LOADER	11300	6/1/2009	3/30/2014	31.03.14	30.09.16	10	893	1356	8930	13560	44980	67470
516	WB53A 3906	HGV-TRUCK	16200	9/15/2005	1/19/2013	20.01.13	19.07.16	14	1542	1453	21588	20342	83860	125790
517	WB53A 3985	HGV-LPT 1613/42	16200	12/2/2009	10/16/2013	17.10.13	16

कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने दोबारा संभाला एसकेएमयू का कार्यभार



दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका में प्रशासनिक और शैक्षणिक गतिविधियां अब पूरी तरह से अपनी नियमित लय में लौटने वाली हैं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर इलाज के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर वापस आ गई हैं। उन्होंने मंगलवार को विश्वविद्यालय पहुंचकर अपने पद का कार्यभार दोबारा संभाल लिया है। प्रो. कंदीर बीते फरवरी महीने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं। लंबे समय तक चले इलाज और स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद वह दुमका वापस लौटी हैं। बुधवार से ही उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी प्रशासनिक और शैक्षणिक दायित्वों को निभाना शुरू कर दिया है। उनके वापस आने से विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों में काफी उत्साह है। उनकी गैर-मौजूदगी में विश्वविद्यालय के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए राजभवन सचिवालय ने वैकल्पिक व्यवस्था की थी। इस दौरान बीबीएमकेयू, धनबाद के कुलपति प्रो. राम कुमार सिंह को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। प्रो. कुनुल कंदीर के वापस लौटते ही यह प्रभार स्वतः समाप्त हो गया है और उन्होंने पूरी तरह से कमान अपने हाथों में ले ली है।

बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



दुमका। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, दुमका जिला इकाई द्वारा मंगलवार की शाम एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मण्डल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त आवास के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूरा माहौल ÷भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें÷ और उलगुलान जिंदाबाद के नारों से गुंजायमान हो उठा। इस गरिमामयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रूपेश मंडल के साथ जिला महामंत्री बिमल मरांडी, मृणाल मिश्रा, पवन केसरी, मनोज साह, सुनील गुप्ता, रवींद्र बास्की, किशोरेंद्र दास, नीतू झा, गायत्री जायसवाल, श्रीधर दास, लक्ष्मण पंडित, मार्शल ऋषिराज टुडू, नवल किस्कू, ओम केसरी, पंकज वर्मा, पिंटू साह, बिक्की पाठक, राजू पुजहर, दिनेश सिंह, मनीष कुमार, आनंद कुमार राजू, प्रेम साह और मिथिलेश यादव सहित कई मुख्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में 34 यूनिट रक्त संग्रह किया गया



जरमुंडी । बासुकीनाथ के स्थानीय टाटानगर मंडली धर्मशाला में स्वास्थ्य विभाग एवं धर्मशाला प्रबंधन के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर जरमुंडी के चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अंजू कुमारी के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष वीणा देवी मौजूद थीं। वीणा देवी एवं डॉ अंजू कुमारी ने रक्तदान की मुहिम को आगे बढ़ाने एवं रक्तदान के लिए नागरिकों को प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मानव रक्त का कोई विकल्प नही है, रक्तदान महादान है। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर अंजू कुमारी, ब्लड बैंक के कर्मी, आनंद झा के निगरानी में रक्तदाताओं का रक्त संग्रह किया गया। इस मौके पर रक्तदाताओं को मेडल और टाटा मंडली द्वारा उपहार दिया गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डोगरों को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। ब्लड बैंक व टाटा मंडली द्वारा रिफ्रेशमेंट व अल्पाहार, ब्लड बैंक दुमका की ओर से डोनर कैंप एवं एनर्जी ड्रिंक की सुविधा प्रदान की गयी। रक्तदान शिविर में कुल 34 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

पेंशनर समाज की बैठक में सांगठनिक मजबूती व सदस्यता अभियान पर चर्चा

जरमुंडी । जरमुंडी बाजार स्थित यात्री शेड में मंगलवार को पेंशनर समाज की एक प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित हुई। प्रखंड अध्यक्ष सोनालाल हेम्ब्रम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांगठनिक मजबूती और नए सदस्यों को जोड़ने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने संगठन के विस्तार के लिए गांव-गांव तक पहुंचकर अधिक से अधिक पेंशनरों को समाज से जोड़ने का निर्णय लिया। बैठक के दौरान एसबीआई में पेंशनरों को हो रही विभिन्न समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने बताया कि बैंक में पेंशन संबंधी कार्यों के निष्पादन में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस समस्या के समाधान के लिए बैंक प्रबंधक से मिलकर पेंशनरों की समस्याओं से अवगत कराने और शीघ्र समाधान की मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन की एकजुटता बनाए रखने, पेंशनरों के अधिकारों की रक्षा करने तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। इस मौके पर अरुण पत्रलेख, नुनामणी देवी, बाबूधन हांसदा, मिलन पत्रलेख, दामोदर मंडल, दशरथ मंडल, लालबाबू पासवान, गणपति प्रसाद सिंह, शिवलाल बास्की, राजेंद्र पत्रलेख सहित कई पेंशनर उपस्थित थे।

अज्ञात युवक के शव का अंतिम निपटारा

हंसडीहा । हंसडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनीहाट-बासुकीनाथ मुख्य मार्ग स्थित ब्रह्मदेव पुल के समीप झाड़ियों से बरामद अज्ञात युवक के शव की पहचान नहीं हो पाने के बाद उसका अंतिम निपटारा कर दिया गया। पुलिस ने शव की पहचान के लिए हरसंभव प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद कार्रवाई की गई।अज्ञात हो कि बीते दिनों पुल के समीप एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। युवक के चेहरे पर गंभीर जख्म के निशान पाए गए थे, जिससे हत्या की आशंका जताई गई थी। मामले में चौकीदार राजदीप मुर्मू के बयान पर हंसडीहा थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी।पोस्टमार्टम के बाद शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया, लेकिन इस दौरान भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद मंगलवार को मजिस्ट्रेड के आदेश पर थाना के अवर निरीक्षक लालदेव उरांव के नेतृत्व में शव का विधिवत अंतिम निपटारा (डिस्पोज) कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है तथा अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

भीषण आंधी-पानी से जनजीवन अस्त-व्यस्त



हंसडीहा । मंगलवार को आई भीषण आंधी और बारिश ने हंसडीहा एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई।आंधी के कारण कई ग्रामीणों के घरों के छप्पर उड़ गए, जिससे लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। हंसडीहा-भागलपुर मुख्य मार्ग स्थित सिंह बिहार होटल का छप्पर भी तेज हवा की चपेट में आकर उड़ गया। वहीं हंसडीहा गांधी चौक पर स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा के ऊपर लगा चदरा (शेड) भी आंधी में क्षतिग्रस्त होकर उड़ गया। विद्युत विभाग के अनुसार क्षतिग्रस्त खंभों और तारों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। विभाग के कर्मी विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों में लगातार बहाली कार्य में जुटे हुए हैं। विभाग का कहना है कि मौसम अनुकूल रहने पर बुधवार शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। आंधी-पानी के कारण क्षेत्र में कुछ समय के लिए जनजीवन भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त स्थलों का आकलन कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

बिना ईंट-बालू उठाए डकार गए लाखों का फंड

जामा में कागजों पर ही बन गए सोकपिट और नाडेप, 4 इंजीनियरों पर गिरी गाज

ब्यूरो

जामा/दुमका । सरकारी फाइलों में विकास की रफ्तार कितनी तेज हो सकती है, इसका एक अनोखा और हैरान करने वाला मामला दुमका जिले के जामा प्रखंड में सामने आया है। यहां जमीन पर बिना एक भी ईंट रखे या गड्ढा खोदे, सरकारी खजाने से लाखों रुपये साफ कर दिए गए। कागजों पर ही सोकपिट और नाडेप का निर्माण पूरा दिखाकर फर्जी तरीके से सरकारी राशि की निकासी कर ली गई। इस महाघोटाले के उजागर होने के बाद दुमका उपायुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए चार अभियंताओं को शो-कॉज नोटिस जारी किया है और तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है।

आरटीआई कार्यकर्ता की सजगता से खुला राज

यह पूरा फर्जीवाड़ा तब सामने आया जब कदरजोरिया गांव के आरटीआई कार्यकर्ता संजय प्रसाद ने योजनाओं में हो रही गड़बड़ी की शिकायत प्रशासन से की। इसके बाद जब शुरुआती जांच की गई, तो अधिकारी भी दंग रह गए। जामा प्रखंड के 18 गांवों में 124 सोकपिट बनने थे, लेकिन जमीन पर सिर्फ 35 ही मिले। वहीं 43 नाडेप के मुकाबले धरातल पर महज 4 का निर्माण पाया गया। यानी 89 सोकपिट और 39 नाडेप सिर्फ सरकारी कागजों और फाइलों में ही तैर रहे थे।

दोबारा जांच में भी सच आया सामने

मामला तूल पकड़ने पर स्वयं सहायता समूहों की अर्जी पर डीएमएफटी टीम लीडर सुदीप दत्ता और फाइनेंशियल एनालिस्ट बादल दिगर ने दोबारा जांच की। इस री-वेरिफिकेशन में भी घोटाले पर मुहर लग गई। दूसरी रिपोर्ट में साफ कहा गया कि कम से कम 66 सोकपिट और 37 नाडेप का निर्माण किए बिना ही पूरी सरकारी राशि निकाल ली गई।

इन 4 इंजीनियरों पर कसा शिकंजा, नौकरी पर संकट

इस गंभीर वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर उपायुक्त कार्यालय ने तत्कालीन सहायक अभियंता प्रेम बंधन कच्छप के साथ-साथ तत्कालीन कनीय अभियंता अनुप कुमार कुशवाहा, अनुपम लकड़ा और रूपेश कुमार को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने बिना किसी फिजिकल भौतिक सत्यापन के, दफ्तर में बैठकर ही फर्जी मापी पुस्तिका तैयार की और भुगतान को हरी झंडी दे दी।

तीन दिन में जवाब नहीं तो होगी जेल और विभागीय कार्रवाई

प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में साफ चेतावनी दी गई है कि यह सरकारी धन के गबन का एक बेहद गंभीर मामला है। चारों इंजीनियरों को अपना पक्ष रखने के लिए सिर्फ तीन दिन की मोहलत मिली है। अगर तय समय में इनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, तो प्रशासन इन्हें सीधे तौर पर दोषी मानते हुए इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और विभागीय निलंबन की सख्त अनुशंसा करेगा। इस कार्रवाई के बाद से जामा प्रखंड के सरकारी महकमों में हड़कंप मचा हुआ है और आम जनता की नजरें अब इस बात पर टिकी हैं कि इन दोषियों को क्या सजा मिलती है।

पुलिस की दबिश से घबराए चोर, लावारिस हालत में छोड़कर भागे चोरी का ट्रैक्टर



सरैयाहाट । थाना क्षेत्र के चरकापाथर गांव से चोरी हुए स्वराज ट्रैक्टर को पुलिस ने मोहनपुर थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव के पास से लावारिस हालत में बरामद कर लिया है। बीते दिनों चरकापाथर निवासी कार्तिक मंडल का ट्रैक्टर उनके घर के बाहर से अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में चुरा लिया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब वाहन का पता नहीं चला, तो पीड़ित परिवार ने इसकी शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर चोरों पर दबाव बढ़ा दिया। पुलिस की इसी बढ़ती दबिश और सक्रियता से घबराकर चोर ट्रैक्टर को बसतपुर गांव के समीप एक सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो गए। सोमवार देर शाम स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। वाहन की पहचान होने के बाद उसे उसके असली मालिक को सौंपने की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस इस वारदात में शामिल चोरों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर विशेष शिविर आयोजित



सरैयाहाट। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट सहित क्षेत्र के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट में आयोजित शिविर के दौरान कुल 272 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच, रक्त जांच तथा अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पोषण, नियमित जांच तथा सुरक्षित प्रसव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। शिविर के सफल संचालन में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरजीत माजी, जीएनएम मेरीनिला, अर्चना कुमारी, रितेश जायसवाल, सुशील कुमार, बीटीटी अमोद मंडल, एएनएम रेणुका भारती, सभी सहिया साथी, लैब तकनीशियन एवं सफाईकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू



सरैयाहाट । प्रखंड के पांचूवाद मंडल टोला में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल देखा जा रहा है। यहाँ श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर कथा वाचक संत शिरोमणि दिनेश शरण जी महाराज की अगुवाई में एक अत्यंत भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इस धार्मिक यात्रा में लगभग 251 महिलाओं और युवतियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। यह कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर पूरे पांचूवाद गांव का भ्रमण करते हुए सरवाधाम मंदिर पहुंची। वहाँ पवित्र चन्द्रकुप से जल भरने के बाद सभी श्रद्धालु वापस यज्ञ स्थल लौटे। पूरी यात्रा के दौरान महिलाएं और श्रद्धालु राधे-राधे का जयघोष कर रहे थे, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं इस भव्य कार्यक्रम को सफल और सुव्यवस्थित बनाने में आयोजन समिति के सदस्य नकुल मंडल, अनिरुद्ध मंडल, प्रकाश मंडल, अरूण मंडल, आनंदी मंडल, बीजो मंडल, जलधर मंडल, बलदेव मंडल सहित पांचूवाद गांव के समस्त ग्रामीण पूरी निष्ठा से सहयोग में जुटे हुए हैं।

हंसडीहा में चला समपार फाटकों पर सुरक्षा अभियान



सरैयाहाट । अंतरराष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा मंगलवार को हंसडीहा सहित विभिन्न रेलवे समपार फाटकों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे समपारों पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम करना था। मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी ताराचंद के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत भागलपुर-गोड्डा रेलखंड के हंसडीहा क्षेत्र में भी लोगों को समपार फाटक पार करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए तथा समपार फाटकों पर नियमों का पालन करने की अपील की।

डालसा ने किया जागरूकता कार्यक्रम

दुमका। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका, सुधांशु कुमार शशि के आदेशानुसार आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान रामगढ़ प्रखंड के रेड़ा गाँव में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं उनके सशक्तीकरण को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ जनों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को बताया गया कि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है तथा उनकी देखभाल और भरण-पोषण सुनिश्चित करना उनके परिजनों की जिम्मेदारी है। साथ ही माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। पैरा लीगल वालंटियर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। उन्हें किसी भी प्रकार की उपेक्षा, उत्पीड़न अथवा अधिकारों के हनन की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करने की सलाह दी गई।

बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर डीसी ने दी श्रद्धांजलि



दुमका। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को गरिमापूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष अवसर पर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय संघर्ष, अटूट त्याग और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का पूरा जीवन सामाजिक न्याय, स्वाभिमान, स्वतंत्रता और जनसेवा के महान आदर्शों का प्रतीक है। उनके क्रांतिकारी विचार और हक की लड़ाई के लिए किया गया संघर्ष आज भी पूरे समाज को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।

घरों में घुस रहा गंदा पानी, सफाई की गुहार



मसलिया । प्रखंड मुख्यालय स्थित डाकघर के समीप वर्षों से नाली की नियमित सफाई नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नाली जाम होने से उसका गंदा पानी आसपास के घरों में घुसने लगा है, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात शुरू होते ही स्थिति और गंभीर हो गई है तथा थोड़ी सी बारिश में ही जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय ग्रामीण पीयूष कांति आचार्य ने बताया कि नाली की सफाई लंबे समय से नहीं कराई गई है। इसके कारण नाले का पानी ओवरफ्लो होकर उनके घर तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी के जमाव से संक्रमण और विभिन्न बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। आसपास के लोगों को दुर्गंध के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। पीयूष कांति आचार्य ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर गत 1 मई को पीजी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने उल्लेख किया था कि उनके घर के बगल स्थित नाला पूरी तरह जाम हो चुका है और नाले का गंदा पानी घर में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र नाला सफाई कराने की मांग की थी। हालांकि शिकायत के एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी मानसून का अधिकांश समय बाकी है।

हाइवा ने बाइक को आधा किमी तक घसीटा



गोपीकांदर (दुमका) । गोविंदपुर-साहिबगंज स्टेट हाईवे पर रंगा मिशन फुटबॉल मैदान के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। एक अज्ञात कोयला लदे हाइवा ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जबकि अनियंत्रित हाइवा बाइक को करीब आधा किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया।

96 महिलाओं की हुई एएनसी जांच



गोपीकांदर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रखंड चिकित्सक प्रभारी डॉ. हेमंत मुर्मू की देखरेख में गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व मासिक जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुरक्षित और सामान्य प्रसव की कामना के साथ भारी संख्या में गर्भवती महिलाएं जांच के लिए पहुंचीं। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रभारी चिकित्सक डॉ. सुमित आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में कुल 96 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। इस दौरान सभी महिलाओं के वजन, हीमोग्लोबिन के स्तर, एचआईवी संक्रमण और ब्लड प्रेशर आदि की गहन जांच की गई। आवश्यक मेडिकल टेस्ट के बाद चिकित्सकों द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के अनुसार उचित चिकित्सीय परामर्श और जरूरी दवाएं दी गईं।

बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर भव्य कार्यक्रम



दुमका। सिविल सोसायटी, पटेल सेवा संघ और सरदार भागवत राउत विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा का 126वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने उनके जीवन, संघर्ष और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन केवल ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नहीं था, बल्कि जनजातीय समाज के अस्तित्व, अस्मिता और संस्कृति को बचाने की एक बड़ी लड़ाई थी। उन्होंने अबुआ दिसुम अबुआ राज का नारा देकर शोषण मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। उन्होंने जमींदारी, महाजनी प्रथा और यूरोपीय मिशनरियों द्वारा शिक्षा के नाम पर किए जा रहे सांस्कृतिक अतिक्रमण के खिलाफ समाज को एकजुट किया। कार्यक्रम में उनकी शुरू की गई बिरसाइत परंपरा की प्रासंगिकता पर जोर दिया गया, जिसमें नशा मुक्ति, अपनी लोक-संस्कृति के पालन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश छिपा है। इस गरिमामयी आयोजन में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, सचिव संदीप कुमार जय बमबम, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, प्रदीप दारुका, मनोज कुमार घोष और मोहम्मद शेरा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और महानायक को नमन किया।

किसानों के लिए लगेंगे विशेष केसीसी शिविर

दुमका । जिले के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें खेती-किसानी के लिए आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। जिले में कृषि एवं किसान कल्याण को बढ़ावा देने के लिए खेत बचाओ अभियान के तहत केसीसी सैचुरेशन कैंपेन की शुरुआत की जा रही है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य जिले के अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ना है, ताकि कोई भी पात्र किसान कृषि ऋण सुविधाओं से वंचित न रहे।

शिवगंगा की सफाई में उतरे मेयर और डिप्टी मेयर



देवघर। विश्व पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को देवघर नगर निगम की ओर से शिवगंगा सरोवर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नेहरू पार्क के समीप स्थित पवित्र शिवगंगा सरोवर और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई कर लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अभियान में महापौर रवि कुमार राउत, डिप्टी मेयर टीप चटर्जी, वार्ड पार्षदों के साथ नगर निगम के अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर सरोवर के आसपास फैले कचरे और अपशिष्ट पदार्थों को हटाने का कार्य किया। सफाई कर्मियों ने घाटों और किनारों की सफाई कर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों, जलाशयों और धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है। स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित जल स्रोत आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि विश्व पर्यावरण सप्ताह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि शिवगंगा देवघर की आस्था और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है।

पल्स पोलियो अभियान को लेकर प्रशिक्षण

मधुपुर । आगामी 28 जून से शुरू होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल, मधुपुर में पोलियो सुपरवाइजरों एवं वैक्सीनेटरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मोहम्मद शाहिद की उपस्थिति में बूथ संख्या 1 से 14 तक के पोलियो सुपरवाइजरों और वैक्सीनेटरों को अभियान संबंधी आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. शाहिद ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान 28 जून से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। अभियान के पहले दिन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य निर्धारित स्थलों पर स्थापित पोलियो बूथों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। वहीं दूसरे और तीसरे दिन स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो कील खुराक देंगे जो पहले दिन बूथों तक नहीं पहुंच पाए होंगे।उन्होंने कहा कि भारत पोलियो मुक्त देश घोषित हो चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में अभी भी पोलियो के मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए नियमित रूप से पल्स पोलियो अभियान चलाना अत्यंत आवश्यक है।

मधुपुर कॉलेज में हुआ फलदार पौधों का रोपण

मधुपुर । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंगलवार को मधुपुर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष दरक्शां परवीन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रत्नाकर भारती ने संयुक्त रूप से फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार की ओर से नगर परिषद अध्यक्ष दरक्शां परवीन तथा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष फैय्याज कैसर को पौधा एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में नगर परिषद अध्यक्ष दरक्शां परवीन ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अपने नाम से लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अमूल्य हैं और इनके बिना स्वस्थ पर्यावरण की कल्पना नहीं की जा सकती। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रत्नाकर भारती ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है।पेड़-पौधे पर्यावरण को संतुलित रखने के साथ-साथ लोगों को कई प्रकार की बीमारियों से भी बचाते हैं। उन्होंने छात्रों एवं नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित करने की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

रेलवे ने लोगों को किया जागरूक

देवघर संताल एक्सप्रेस । पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल द्वारा 09 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर मंडल के विभिन्न समपार फाटकों पर व्यापक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पहल का उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं को रेलवे समपारों पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के प्रति जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम करना था। यह जागरूकता अभियान आसनसोल-बर्द्धमान, आसनसोल-झाझा, आसनसोल-प्रधानखंटा, अंडाल-सैंथिया, मधुपुर-गि